डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,711.76 +13.65

डॉलर 83.920 +0.065

रांची सर्राफा

10 ग्राम 72,080 | 01 किलो 93,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) बुधवार, 28 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक- 314, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 टेस्ट टीम में वापसी करना चाहते हैं...



## एक नजर

### श्याम बने जपला मुख्य डाकघर के प्रभारी उप डाकपाल

**हुसैनाबाद।** पलामू प्रमण्डल के जपला मुख्य डाकघर में नये प्रभारी उप डाकपाल के पद पर श्याम कुमार ने योगदान किया। इस मौके पर उन्होंने बताया किया। डाकघर में ग्राहकों की समस्याओं को बारी-बारी से निदान किया जायेगा। उनके योगदान पर अरविन्द कुमार ओझा, अभिषेक प्रभाकर, पप्पू प्रसाद,संतोष टुड्डू, श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता,राकेश तिवारी,रविकांत सिंह, संतोष ठाकुर, सुधीर ठाकुर,रंजीत सिंह ,कैलाश मेहता, राजकुमार, ज्योति प्रसाद ,अभिषेक कुमार, सोमनाथ प्रसाद भगवान राम सहित सभी डाककर्मी व अभिकर्ताओं ने बधाई दी है।

### सैयद हसनैन जैदी ने हुसैनाबाद विस सीट के लिए अपनी दावेदारी पेश की

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के वरीय नेता सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सैयद हसनैन जैदी ने हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से विधायक पद के उम्मीदवार के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक को अपनी दावेदारी को लेकर ज्ञापन दिया है। अपनी दावेदारी पेश करने के बाद सैयद हसनैन जैदी ने कहा कि अगर पार्टी ने मुझे हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट से उमीदवार बनाया गया तो मैं वादा करता हूं कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा की सीट जीत कर कांग्रेस पार्टी की झोली में रख दूंगा।

### कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को नदीम ने सौंपा आवेदन

**हैदरनगर।** हुसैनाबाद - हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की दावेदारी पार्टी के कार्यकर्ता मोहम्मदगंज प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान ने की है। उन्होंने मंगलवार को पार्टी कार्यालय मेदिनीनगर में इससे संबंधित आवेदन जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक को दी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह के समय से ही पार्टी में वफादारी के साथ काम करते आये हैं। उन्होने कहा कि कार्यकर्ताओं की इच्छा को कितने दिनों दबाया जायेगा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से कार्यकर्ताओं की इच्छा का आदर के साथ सलाह मशविरा कर निर्णय लेने का आग्रह किया है।

### दैनिक कर्मी व संविदा कर्मियों की हड़ताल जारी

**हुसैनाबाद।** झारखण्ड लोकल बॉडी इम्प्लाइज फेडरेशन की हुसैनाबाद इकाई ने राज्य महासंघ के आह्वान पर हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय के दैनिक कर्मी व संविदा कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण शहरी क्षेत्रों में जगह- जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण जपला जेपी चौक से गांधी चौक तक सड़क कूड़े व कचरे से भरा पड़ा है।

### अनुमंडलीय अस्पताल में डायरिया के आधा दर्जन मरीजों का हो रहा इलाज

# खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है : डॉ. विनेश



#### बासी खाना और दूषित पानी से हो रहे हैं बीमार

चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि बासी खाना और दूषित पानी से लोग बीमार पड़ रहे हैं। बासी खाना खाने से बचने की जरुरत है। ओआरएस घोल लेते रहने पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने बताया कि डायरिया से निपटने की लिए अनुमंडलीय अस्पताल में टीम अलर्ट है। हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप बढ़ा। बरसात में जल जमाव व सही खान-पान नहीं करने के कारण लोग डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने पानी को उबालकर ठंडा होने के बाद पीने की सलाह दी है। मंगलवार को हुसैनाबाद केविशुनपुर गांव निवासी गुलशन कुमार, सैदा विगहा के सदीक अंसारी,चचेरिया के रीता देवी, बहेरा गांव के अर्जुन राम, झरगाड़ा के रानी देवी, जपला का संजय कुमार, फातमा चक निवासी शांति कुंवर, हसनपुर गांव की रेशमा कुमारी आदि का नाम शामिल है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। प्रतिदिन मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में बिशुनपुर, सैदा विगहा, चचेरिया, बहेरा, हसनपुर, झरगड़ा, फातमा चक, जपला आदि गांवों के निवासी डायरिया पीड़ित आधा दर्जन मरीजों को भर्ती कराया गया है, जिनका इलाज अभी जारी है। हालांकि इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ है। और दर्जनों मरीजों को ठीक होने के बाद छुट्टी दे दी गई है। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने बताया कि खान-पान में लापरवाही के कारण डायरिया की चपेट में लोग आ रहे हैं। मंगलवार को अस्पताल में भर्ती किए गए डायरिया पीड़ित मरीजों की स्थिति में सुधार है और ठीक होकर मरीज घर भी जा रहे है। खान-पान में थोड़ी लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। उल्टी, दस्त, बुखार, पेट में दर्द की शिकायत के बाद तत्काल अस्पताल पहुंचना जरूरी है।

## सबनवां में विधायक कोटे की राशि से बनायी गई पीसीसी सड़क, खुशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत के सबनवां में राजकीयकृत उर्दू उमवि से अशरफ के घर तक 170 फीट पीसीसी पथ के निर्माण का कार्य शिलान्यास के साथ ही पूरा भी कर दिया गया है। इसका ऑनलाइन शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया था। शिलापट्ट का नारियल फोड़कर प्रखंड 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष ज्याउद्दीन खान ने किया था। उन्होंने बताया कि इसकी जरूरत को देखते हुए विधायक कोटे की राशि से इस पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। इसके निर्माण पर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह बुनियादी सुविधाओं के साथ ही गली मोहल्लों की जरूरत को पूरी करने की दिशा में सतत प्रयास करते रहे हैं। इस पीसीसी पथ के बन जाने से बरसात में कीचड़ से होने वाली परेशानी से लोगों को निजात मिल गया है। शिलान्यास कार्यक्रम में राकांपा प्रखंड अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह के अलावा उदय सिंह, जनेश्वर राम, अशोक सिंह और अन्य कई लोग शामिल थे।

### भाजपा में शामिल हुए दूसरे दल के कई कार्यकर्ता

## विधायक ने गमछा, टोपी, पट्टा देकर किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर- पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मौर्य फार्म हाउस में मंगलवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न दलों से निकल कर हुए कई कार्यकताओं ने भारतीय जनता पार्टी के प्रति आस्था रखते हुए पार्टी का दामन थामा। भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने भाजपा का टोपी पट्टा, भगवा गमछा एवं पेन देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पार्टी में युवाओं को शामिल होने से पार्टी काफी मजबूत होगी। पार्टी में शामिल होने वालों मे परमदेव तुरी, अविनाश चौहान, वेदप्रकाश चौहान ,अंशुमन चौहान, सुरेंद्र चौहान, हिमांशु चौहान, ओमप्रकाश चौहान, सोनू चौहान, निरंजन, यशवंत कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, अनुज



कुमार ,कंचन कुमार ,राजू कुमार, संजय साहू , चरकू राम ,सरवन पासवान, काजू कुमार ,वरुण कुमार ,परमेंद्र कुमार सिंह, उपेंद्र राम ,रविंद्र कुमार, उमेश मिस्त्री ,मित्तल मिस्त्री, अनुज कुमार राम,संयोग राम, गौतम कुमार, प्रेम कुमार, प्रदीप भुईयां, पंकज कुमार, भुवनेश्वर तुरी ,विफन तुरी, चौहान, अभिषेक चौहान ,गिरेंद्र चौहान, सूर्यकांत चौहान, पिंटू राम कईल राम, बुटन राम, कुंदन पासवान ,राजेश कुमार, उपेंद्र तुरी ,सत्येंद्र तुरी, विजय कुमार गुप्ता, नितेश तुरी ,छोटू कुमार, ओसियर सिंह ,पकौड़ी कुमार, बसंत भारती समेत लगभग 40 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निर्मल मेहता,बच्चन ठाकुर, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता, संजय वर्मा, सुनील कुशवाहा, रौशन सिंह, सुधीर तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने की विधायक से सड़क निर्माण कराने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कुलहीया गांव में उत्क्रमित मध्य विद्यालय से यादव टोला होते हुए फुलवरिया वीर कुंवर स्थान तक दो किलोमीटर ग्रामीण सड़क काफी दिनों से बदहाल स्थिति में है। कीचड़ और गढ्ढो से भरी इस सड़क से गुजरना लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। पिछले 5 वर्षों से इस सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. बावजूद इसके जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इस ओर ध्यान नहीं गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह को भी ग्रामीणों के आवेदन देकर सड़क निर्माण कराने की मांग की, परंतु परिणाम शून्य निकला। ग्रामीणों ने बताया कि उग्रवाद प्रभावित कुलहीया में सड़क सहित कई मूलभूत सुविधाओं से लोग वंचित हैं।

#### बाजार ओर अंचल कार्यालय जाने में होती है दिक्कत

ग्रामीण दीपक कुमार ने बताया कि सड़क बदहाल होने से विद्यार्थियों को स्कूल जाने, मरीजों को अस्पताल ले जाने और ग्रामीणों को हरिहरगंज स्थित बाजार और प्रखंड सह अंचल कार्यालय जाने व आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने एक बार पुनः क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह का ध्यानाकृष्ट कराते हुए बदहाल सड़क के निर्माण कराने की मांग की। मांग करने वालों में दीपक कुमार यादव, ललेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, विजय यादव, अकलेश भुईयां, सरिता देवी वार्ड सदस्य, जिम्मेदार भुईयां, वृंद भुईयां, हरि भुईयां, सोनू यादव, धीरेंद्र यादव, जीतबहन यादव, प्रमोद यादव, बीरेंद्र यादव आदि कई लोगों का नाम शामिल हैं।

### अपनी मांगों को लेकर मुखिया संघ रांची में धरना पर बैठा

## सीएम पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पंचायत को अपना अधिकार देने और लेकर रहने की मांग की लेकर प्रदेश स्तर पर मंगलवार से मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सदस्यों का जत्था जाकिर हुसैन पार्क राजभवन रांची में अनिश्चितकालीन धरना पर डट गये हैं। वहीं मुख्यमंत्री, पंचायती राज्य मंत्री सहित अन्य के विरुद्ध जमकर नारेबाजी के बीच हैदरनगर प्रखंड से सौंपे गये । ज्ञापन में कहा गया है कि गत एक वर्ष से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाता रहा है। बावजूद कोई पहल नहीं की गई। इसके बाद उन्हें वार्ता के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गत 20 अगस्त 2024 समय दिया गया। लेकिन इस बात की अनसुनी किये जाने से पूरे प्रदेश के मुखिया आक्रोशित हैं। उन्होंने बताया है कि राज्य वित्त आयोग से पंचायतों में राशि देने में राज्य सरकार का उपेक्षात्मक रवैया रहा है। धरना में उनके अलावे इस प्रखंड के मुखिया नाजमा खातून, शहनाज परवीन, सुदर्शन राम, जितेन्द्र सिंह, कुसुम देवी, कमल कुमार पासवान सहित मोहम्मदगंज के आठ पंचायतों के भी मुखिया शामिल होकर आंदोलन को गति दी है।

## न्यूज बॉक्स

### पढ़ाई के साथ खेलकूद जरूरी : डॉ शशिभूषण मेहता



**पांकी।** हाई स्कूल के मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच दिन सोमवार को खेला गया। बताते चलें कि टूनामेंट का आयोजन स्वर्गीय रामा सिंह एवं स्वर्गीय विनोद सिंह के पावन स्मृति में आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट में ए, बी और सी टीमों भाग लिया था। फाइनल मैच ए टीम में चतरा बनाम लातेहार के बीच खेला गया। बी टीम में दरजाही बनाम गोही के बीच खेला गया। इस मैच में विजेता गोहीं के टीम हुई। वहीं टीम में दरजाही बनाम माड़न के बीच खेला गया, जिसमें माड़न के टीम विजय हुई। फाइनल मैच में विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड, मेडल के साथ ही नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। मौके पर भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने कहा कि पढ़ाई के साथ- साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने ने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई की। डॉक्टर मेहता ने टूर्नामेंट आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट आयोजन कराते रहें, हम आपलोग के साथ रहेगें। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, प्रो. बच्चन ठाकुर, निरंजन सिंह, यशवंत सिंह, अशोक सिंह,आवेश कुमार, प्रेमचंद सिंह सहित सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### कृष्ण जन्मोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना की गई, श्रद्धालुओं के बीच हुआ प्रसाद का वितरण



**नावाबाजार।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के सभी देवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर की साफ सफाई व सजावट की व्यवस्था की गई थी। कई मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर पालने लगाए गए, जिस पर भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पूजन के बाद उसमें प्रतिमा स्थापित कर झूला झुलाने का कार्य श्रद्धालुओं ने किया। मध्य रात्रि को जन्मोत्सव पर महिला श्रद्धालुओं के द्वारा सोहर, भजन-कीर्तन गाकर लोगों को भाव विभोर कर दिए। वहीं जगह-जगह पर अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के कंडा गांव स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ नवयुवकों के द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। सभी देवालयों में प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने की मांग को लेकर सभी मुखिया गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**पांकी।** पांकी पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में मंगलवार की दोपहर प्रखंड स्तरीय मुखिया संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मुखिया संघ के द्वारा 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए मुखिया संघ अध्यक्ष राजेंद्र पांडे उर्फ जितेंद्र पांडे ने बताया कि झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकाल के लिए पांकी प्रखंड के सभी मुखिया कलम बंद हड़ताल पर जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा की झारखंड सरकार के द्वारा दो बार हम जनप्रतिनिधियों को समय देकर भी वार्ता करने से इनकार कर दिया गया है। राज्य सरकार का मुखिया के प्रति सौतेला व्यवहार के कारण झारखंड प्रदेश मुखिया अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। इस कारण हम विवश होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। इस हड़ताल की सारी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। इस संबंध में मुखिया संघ के द्वारा पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित पत्र भी सौंपा गया है। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष के अलावे मुखिया संघ उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, प्रेम प्रसाद गुप्ता, लोकनाथ यादव ,अनीता लोहरा, मीना देवी, चिंता देवी ,साजदा खातून, मरियम बीबी ,बशारत हुसैन, सहाना खातून सहित विभिन्न पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

## निजी वाहनों का टोल टैक्स वसूलने पर नाराजगी

### - इंचार्ज से मिलकर आपत्ति जतायी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** कौवाखोह के नजदीक नेशनल हाईवे 139 पर स्थित टोल प्लाजा पर मंगलवार से आर के जैन ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा टैक्स लेना शुरू कर दिया गया है। इससे पहले करीब तीन माह पूर्व आर के ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा टोल टैक्स की वसूली की जा रही थी। हालांकि अभी भी एनएच 139 फोरलेन निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। कारण कि स्थानीय निजी चार पहिया वाहनों से भी टैक्स वसूला जा रहा है। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मंगलवार को टोल प्लाजा पर पहुंचकर टोल वसूली कर रहे टोल प्लाजा कंपनी के इंचार्ज शेखर कुमार सिंह से मिलकर आपत्ति जताई। इस पर कंपनी के इंचार्ज द्वारा स्थानीय लोगों के हित में निजी वाहनों से टोल टैक्स वसूली नहीं किए जाने का शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया।

#### सड़क को ठीक नहीं करने पर जाम की चेतावनी

मालूम हो कि टोल टैक्स वसूली शुरू होने के साथ ही लोगों द्वारा स्थानीय निजी चार पहिया वाहनों को टैक्स मुक्त करने की मांग की जाती रही है। इस अवसर पर संजय जायसवाल, शंभू यादव, विजय प्रजापति, दिनेश पासवान, संतोष मेहता, विनोद मेहता, जनेश्वर मेहता, बृजेश मेहता, सुनील कुमार, हरेंद्र कुमार, अरविंद मेहता, अर्जुन राम, विकास पासवान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। वही राजीव रंजन ने कहा कि ढाब और खड़गपुर सर्विस लेन आधा-अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, जबकि सड़क निर्माण कर रहे शिवालया कंट्रक्शन कंपनी द्वारा सर्विस रोड को आधा अधूरा निर्माण कर छोड़ दिया गया है। रंजन ने कहा कि 48 घंटे के अंदर सर्विस लेन सड़क को ठीक नहीं किया गया तो एनएच 139 फोर लेन सड़क को ग्रामीणों के साथ जाम कर दिया जाएगा।

## इंडिया

# प्रकृति का दोहन हमें चेतावनी दे रही है संभलने की



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पूरी दुनिया में हर कोई रोटी कपड़ा और मकान के बाद सुख सुविधाओं की ओर भागता है और इस दौड़ में सबसे कम चिंता पर्यावरण की रह जाती है जबकि सारी सुविधाओं के बिना तो हम रह सकते हैं पर जीवन के लिए आवश्यक प्राण वायु और स्वच्छ वातावरण न हो जीवन संकट में आ जाए । भारत जैसे विकासशील देश में भी विकसित देशों जैसी समस्या बहुत जल्द आने वाली है जिसकी आहट मिल रही है समय की मांग है इसपर चिंता और चिंतन की। धरती की जीवनदायिनी क्षमताओं के अधिक संकटग्रस्त होने के बीच हाल ही में वैज्ञानिकों ने नई चेतावनी जारी की है। इसे डूमस्डे क्लाक चेतावनी कहा जा रहा है। विश्व में 'डूमस्डे क्लॉक' अपनी तरह की एक प्रतीकात्मक घड़ी है, जिसकी सुइयों की स्थिति के माध्यम से यह दशार्ने का प्रयास किया जाता है कि विश्व किसी बहुत बड़े संकट की आशंका के कितने नजदीक है। इस घड़ी का संचालन 'बुलेटिन ऑफ एटोमिक साइंटिस्ट्स' नामक वैज्ञानिक संस्थान द्वारा किया जाता है। इसके परामर्शदाताओं में 15 नोबेल पुरस्कार विजेता भी हैं। ये सभी मिलकर प्रति वर्ष तय करते हैं कि इस वर्ष घड़ी की सुइयों को कहां रखा जाए। इस घड़ी में रात के 12 बजे को धरती पर बहुत बड़े संकट का पर्याय माना गया है। घडी की सुइयां रात के 12 बजे के जितने नजदीक रखी जाएगी, उतने ही बड़े संकट से धरती (व उसके लोगों व जीवों) के संकट की स्थिति मानी जाएगी। 2024 में इन सुइयों को (रात के) 12 बजने में 90 सेकंड पर रखा गया है। संकट के प्रतीक 12 बजे के समय से इन सुइयों की इतनी नजदीकी 2023-24 के अतिरिक्त कभी नहीं रही। दूसरे शब्दों में, यह घड़ी दर्शा रही है कि इस समय धरती किसी बहुत बड़े संकट के सबसे करीब है। 'डूमस्डे घड़ी' के वार्षिक प्रतिवेदन में इस स्थिति के तीन कारण बताए गए हैं। पहली वजह यह है कि जलवायु बदलाव का संकट बढ़ रहा है। जलवायु बदलाव नियंत्रित करने की संभावनाएं समग्र रूप से धूमिल हुई हैं। दूसरी वजह यह है कि परमाणु हथियार नियंत्रित करने के समझौते कमजोर हुए हैं, जिससे परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ा है। तीसरी वजह यह है कि



ए.आई. (आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस) व जेनेटिक इंजीनियरिंग का बहुत दुरुपयोग हो रहा है, जिसका सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन तीन कारणों के मिले-जुले असर से आज विश्व बहुत बड़े संकट की आशंका की दहलीज पर पहुंच चुका है। और इस संकट को कम करने के लिए तुरंत कदम उठाना जरूरी है। सवाल यह है कि क्या 'डूमस्डे घड़ी' के इस अति महत्वपूर्ण संदेश को विश्व नेतृत्व समय रहते समझेगा? हाल के वर्षों में यह निरंतर स्पष्ट होता रहा है कि अब तो धरती की जीवनदायिनी क्षमता ही खतरे में है। जिन कारणों से हजारों वर्षों तक धरती पर विविधतापूर्ण जीवन पनप सका, वे आधार ही संकटग्रस्त हो चुके हैं। इन अति गंभीर समस्याओं के समाधान को सर्वाधिक महत्व पूरे विश्व में मिले, इसे ध्यान में रखते हुए 'धरती रक्षा अभियान' (सेव द अर्थ कैंपेन) आरंभ किया गया है। इस अभियान का व्यापक उद्देश्य धरती की जीवनदायिनी क्षमता की रक्षा करना है। इसके दो विशिष्ट उद्देश्य हैं-पहला, धरती से सभी परमाणु हथियार व महाविनाशक हथियार समाप्त हों व दूसरे, धरती पर तापमान वृद्धि को तय मानक तक सीमित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। इस अभियान का प्रथम प्रयास यह है कि मौजूदा दशक (2020-30) को वैश्विक स्तर पर 'धरती रक्षा दशक' के रूप में घोषित किया जाए। एक बड़ा सवाल हमारे सामने है कि आखिर इन गंभीर संकटों को समय रहते कैसे कम किया जाए। समय सीमा का सवाल इस कारण भी बहुत बड़ा है, क्योंकि जलवायु बदलाव के साथ टिपिंग पॉइंट भी जुड़े हैं। एक बार यह सीमा पार हो गई, तो फिर स्थितियां नियंत्रण से बाहर निकल सकती हैं। विश्व के शीर्ष विशेषज्ञ बता रहे हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए हमारे पास बस एक दशक बचा है।

एक बड़ी जरूरत इस बात की है कि धरती के जीवन पर मंडरा रहे अभूतपूर्व संकट की समझ अधिक लोगों तक पहुंचे। यह समझ सही परिप्रेक्ष्य में अधिक लोगों तक पहुंचेगी, तभी लोग अधिक संख्या में आगे आएंगे। इस समय इन मुद्दों की गंभीरता की जानकारी रखने वाले लोगों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। इन मुद्दों को न्याय व लोकतंत्र के मुद्दों से जोड़कर व्यापक समझ बनानेवाले लोगों की संख्या तो और भी कम है। ऐसी समझ बनाकर हमें धरती की रक्षा की वह राह निकालनी है, जो समता व सादगी, न्याय व लोकतंत्र की राह है। इस समय संकट और समाधान की सही समझ को अधिक लोगों तक पहुंचाना और उन्हें समाधान के प्रयासों से जोड़ना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 28 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-314, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 81,711.76 ▲ +13.65
डॉलर 83.920 ▲ +0.065

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 72,110
01 किलो 85,960




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ के दौरान उमस से एक दर्जन अभ्यर्थी हुए बेहोश

**सभी को एमएमसीएएच में भर्ती कराया गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के चियांकी स्थित होमगार्ड मैदान में चल रहे उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान दौड़ने के क्रम में एक दर्जन अभ्यर्थी बेहोश होकर गिर पड़े। जानकारी के मुताबिक दौड़ के दौरान उमस भरे मौसम के कारण कई अभ्यर्थी बेहोश होकर वहीं पर गिर पड़े। इससे कुछ देर तक वहां पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल अभ्यर्थियों को तत्काल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज चल रहा। अचेत अवस्था में एमएमसीएच भर्ती कराये गये कई अभ्यर्थियों की पहचान नहीं हो पाई। उपचार के बाद स्वस्थ शेष पृष्ठ 9 पर

# पलामू, गढ़वा के नौ सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली

**सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में आवगमन सुगम होगा : वीडी राम**

**सीआरआईएफ के तहत दो सड़क व सात सड़क पथ निर्माण विभाग के तहत बनना है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें पलामू व गढ़वा में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत 2 सड़कों व पथ निर्माण विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत 7 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। उक्त सभी सड़कों के निर्माण होने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। यह जानकारी सांसद विष्णु दयला राम ने दी। सांसद ने बताया कि पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड में सीआरआईएफ के तहत कुट्टी मोड़ से हुटार होते, रामगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय तक 24.10 किलोमीटर सड़क का निर्माण। इसकी कुल लागत राशि 11964.14 है। पलामू जिला अंतर्गत सीआरआईएफ के तहत मोहम्मदगंज भजनिया मोड़ से कोल्हुआ बरडीहा पनसुआ एवं अदहौरी रानीदेवा हैदरनगर तक 17.327 किलोमीटर सड़क का निर्माण, जिसकी कुल लागत राशि 2336.47 है। पलामू जिला अंतर्गत ही हुसैनाबाद पथराघाट तक 29.10 किलोमीटर सड़क का निर्माण, जिसकी कुल लागत राशि 1577.42 है। पलामू जिला अंतर्गत हरिहरगंज कटैया मोड़ से बेला घाटी तक 10.40 किलोमीटर सड़क का निर्माण, कुल लागत राशि 3169.83 है। पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर महुगांई ईटको मोड़ तक 17.94 किलोमीटर सड़क का निर्माण, जिसकी कुल लागत राशि 9703.20 है। इसी तरह पलामू जिला अंतर्गत कजरी पाटन मनातु 20 किलोमीटर सड़क का निर्माण, जिसकी कुल लागत राशि 1218.55 है। पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर बी मोड़ से उंटारी सड़क तक शेष पृष्ठ 9 पर

## एक नजर

### बीडीओ के साथ मारपीट मामले में एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**श्री बंशीधरनगर।** भवनाथपुर थाने की पुलिस ने बीडीओ नन्द जी राम के साथ की गई मारपीट के मामले में नामजद दो अरोपियों में एक स्व बैजनाथ राउत के पुत्र सुबन राउत नामक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को भवनाथपुर बीडीओ के साथ भवनाथपुर बाजार में मारपीट की घटना घटी थी। मामले में बीडीओ द्वारा दो लोगों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कराया गया था। एसडीपीओ ने बताया कि बीडीओ के आवेदन पर मामला दर्ज होने के बाद भवनाथपुर के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुअनि प्रदीप कुमार, पुलिस के जवानों ने छापेमारी कर भवनाथपुर से सुबन राउत नामक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उसने बताया कि पेंशन आदि को लेकर बीडीओ से पूर्व से वह नाराज चल रहा था।

## आज | कल




**जामा में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत सम्मान राशि वितरित**

# जो आधी आबादी को सशक्त करेगा वही राज्य आगे बढ़ेगा : हेमंत सोरेन

**बोले सीएम, हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर राज्यभर की महिलाओं में जो उत्साह एवं खुशी देखने को मिल रही है, वह अदभुत है। आपका ये उत्साह हमें हर मुसीबतों तथा चुनौतियों से लड़ने की ताकत देता है। आपकी उम्मीदों और भरोसे से हम हर चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को दुमका जिले के जामा प्रखंड स्थित पांजनपहाड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को जो मजबूत और सशक्त करेगा, वही राज्य आगे बढ़ेगा। राज्य के विकास के लिए महिलाओं की भागीदारी हर हाल में जरूरी है। यही वजह है कि हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है।



**गांवों की मजबूती से विकास का रास्ता तय होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को मजबूत किए बगैर राज्य मजबूत नहीं बन सकता है। यही वजह है कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर की बजाय गांव-देहात से चल रही है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शेष पृष्ठ 9 पर

**जिन्होंने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा, उनके दरवाजे पहुंच रही सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से चार वर्ष पहले कई ऐसे गांव थे, जहां के लोगों ने कभी ब्लॉक ऑफिस तक नहीं देखा था। डीसी-एसपी ऑफिस के बारे में जिन्हें कोई जानकारी तक नहीं थी, उनके दरवाजे पर आज पूरी सरकार पहुंच रही है। जिन गांवों में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है, जहां आवागमन की कोई सुविधा नहीं है, वहां आज बीडीओ-सीओ, डीसी-एसपी से लेकर विभागों के सचिव पहुंच कर आपकी समस्याओं को न सिर्फ सुन रहे हैं, बल्कि उसका समाधान कर रहे हैं। साथ ही, जिन समस्याओं का निदान तत्काल संभव नहीं है, उसकी जानकारी सरकार तक पहुंचा रहे हैं, ताकि उस दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।

# बसिया-सिसई सड़क निर्माण के लिए बने कैंप पर उग्रवादी हमला



**- गाड़ियों के शीशे तोड़े और कर्मियों को पीटा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के बसिया में उग्रवादियों ने मंगलवार के तड़के चार बजे बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाए गए कैंप पर हमला किया। कई गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले और कैंप में सो रहे कर्मचारियों को भी मारा-पीटा। बताया जाता रहा कि अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आए थे। लेवी की मांग को लेकर सिसई व बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया। उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे। उग्रवादियों के पहुंचने के बाद सभी की नींद टूट गयी। इसके बाद उग्रवादी सभी कर्मचारियों को घेरकर पीटने लगे। छह कर्मचारियों को चोट लगी है। बाकी कर्मचारी कैंप से भाग खड़े हुए। अभी तक कई फरार कर्मचारी कैंप में वापस नहीं लौटे हैं। गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन द्वारा पुल बनवाया जा रहा है। सड़क की लागत 60 करोड़ रुपये से अधिक की है। पुल का काम अधूरा है। उग्रवादियों ने 40 लाख रुपये लेवी की मांग की थी। लेवी नहीं मिलने के बाद मंगलवार की सुबह नारेकेला जंगल की ओर से उग्रवादी पुल निर्माण स्थल के समीप बने कैंप पर पहुंचे और हमला कर दिया। इधर, घटना की सूचना पर बसिया अनुमंडल के एसडीपीओ मो. नजीर, इंस्पेक्टर व थानेदार घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल, घायल कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। सड़क निर्माण में लगे कर्मचारियों में दहशत है।

**राज्यपाल ने लोहरदगा के चीरी में परिसंपत्ति का किया वितरण**

# मैं आपकी समस्याओं को जानने आया हूं : गंगवार

**- ग्रामीणों से किया संवाद, आशिया का अन्नप्राशन किया**




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चीरी, लोहरदगा में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि देश की आजादी के इतने वर्षों के उपरांत भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाने पर विभिन्न समस्याओं की शेष पृष्ठ 9 पर

**झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की पुष्टि**

# बेटे के साथ 30 को भाजपा में होंगे शामिल

**आज आएंगे झारखंड, केंद्र सरकार ने दी जेड प्लस सुरक्षा**

**झामुमो की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से देंगे त्यागपत्र**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को लेकर पिछले कई दिनों से चल रहे राजनीतिक ऊहापोह का मंगलवार को पटाक्षेप हो गया। चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा का दामन थामेंगे। दिल्ली में मंगलवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने इसकी पुष्टि की। चंपाई सोरेन ने कहा कि इससे पहले 18 तारीख को जब यहां आए थे, तो उन्होंने अपना विचार दे दिया था। पहले मैंने संन्यास लेने शेष पृष्ठ 9 पर

**बाबूलाल ने किया स्वागत**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पार्टी में स्वागत किया है। प्रधानमंत्री से मिलने के बाद बाबूलाल मरांडी ने शेष पृष्ठ 9 पर

# नकली डीएवी की शिकायत नहीं पहुंच रही दिल्ली तक या इन्हें नहीं है किसी का डर

**राजधानी में नकली डीएवी का गोरखधंधा**

**रजनीश**

**रांची।** शहर में नकली डीएवी बिना किसी डर के चलाए जा रहे हैं। जो स्कूल डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से संबद्धता नहीं रखते हैं, वे नकली डीएवी स्कूल भी धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। आश्चर्यजनक यह है कि राज्य सरकार ने उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है और सीबीएसई दिल्ली ने मान्यता भी मिली हुई है। मिलते-जुलते नाम से अभिभावक ठगे जाते हैं , जबकि ये सीबीएसई के स्थापित मापदंड पूरा नहीं करते और नियमों के अनुसार स्कूल के नाम सही और स्पष्ट होने चाहिए। डीएवी नाम और सीबीएसई से मान्यता लेने वाले कई स्कूलों के पास या तो खेल के मैदान नहीं हैं, या मापदंड के अनुसार नहीं हैं। जबकि, सीबीएसई के नियमों के अनुसार खेल का मैदान होना अनिवार्य है। इसके अलावे कई शेष पृष्ठ 9 पर

**झारखंड हाई कोर्ट ने कहा**

# राज्य में कानून व्यवस्था फेल, केवल नेता-मंत्री को मिलता है स्पेशल ट्रीटमेंट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दिन झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी के कांके रोड में जाम में फंसने मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सुनवाई की। साथ ही, इसे हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के पास विस्तृत सुनवाई के लिए भेज दिया। कोर्ट ने मौखिक कहा, प्रतीत होता है कि साजिश के तहत उन्हें रोका गया। कोर्ट ने कहा कि कांके रोड में कोई धरना-प्रदर्शन नहीं था। इसके बावजूद भी वहां 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात थे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसी घटना कानून व्यवस्था का फेलियर है। यह गंभीर मामला है। हाई कोर्ट के सिटिंग जज सुरक्षित नहीं है। लगता है सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था राजनीतिज्ञ एवं मंत्रियों के लिए है। जब एक हाई कोर्ट का सिटिंग जज ने सुरक्षित नहीं है, तो दूसरे अन्य कोर्ट का भी जज सुरक्षित नहीं है। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रांची डीसी, डीजीपी, रांची एसएसपी, ट्रैफिक एसपी सशरीर उपस्थित हुए। जस्टिस एसके द्विवेदी के कोर्ट ने पुलिस के तीनों वरीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि जब हाई कोर्ट के सिटिंग जज मुख्यमंत्री आवास के समक्ष जाम में फंस रहे हैं, उन्हें निर्धारित स्थल पहुंचने में कई घंटे का समय लग रहा है, तो आम जनता की स्थिति क्या होगी यह समझा जा सकता है। जस्टिस ने कहा कि रांची में 23 अगस्त को हाई कोर्ट से वापस लौटने के दौरान सीएम आवास कांके रोड के समक्ष जाम के कारण उन्हें रुकना पड़ा। इस दौरान उनके पीएसओ ने ट्रैफिक एसपी समेत कई आला पुलिस अधिकारियों से मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास कई बार किया, लेकिन दूसरी तरफ से किसी तरह का रिस्पांस नहीं आया। इस दौरान उन्होंने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से संपर्क किया, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी से बात की। डीजीपी के दिशा-निर्देश के बाद उन्हें जाम से निकाला गया। इस दौरान वे आधा घंटा से अधिक समय तक जाम में फंसे रहे थे। इससे पहले डीजीपी की ओर से कोर्ट से कहा गया कि दोबारा ऐसी घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कुछ चूक हुई है।



## एक नजर

### सड़क जाम और बढ़ती भीड़ से जूझ रहा है मेदिनीनगर

**मेदिनीनगर।** बढ़ती हुई आबादी और वाहनों की बढ़ती सख्यां ने शहर की यातायात व्यवस्था को चरमरा दिया है। प्रशासन बीच-बीच में जागकर बाजार में अतिक्रमण हटाओ और ठेलावालों को सफेद दाग देकर उसके अंदर रहने की हिदायत दे देता है। लेकिन, दुकान और ठेले अपनी जगह मौजूद हैं और सफेद दाग कहां गायब हो गए हैं, यह पता नहीं है। सब्जी बाजार बढ़ते-बढ़ते लाल कोठा तक पहुंच गया है। शहर के बाजारों की आधी सड़क सिर्फ बाइक से ही जाम रहती है। बाकी रही-सही कसर फुटपाथी दुकानदारों और ठेलेवाले पूरा कर देते हैं। नये बाजार और नये ट्रेफिक व्यवस्था की बात सिर्फ अखबार की सुर्खियां बनकर रह जाती हैं। वैसे सब्जी बाजार की बात की जाये तो यह सड़क 40-50 फीट तक चौड़ी है, लेकिन यहां पर सिर्फ पैदल चलनेवालों का ही रास्ता भर बचा है।

### कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 24 फीट ऊंची हांडी फोड़ी

**पांकी।** प्राचीन हनुमान मंदिर के समीप कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर सोमवार को संध्या में पांकी बजरंग दल के सौजन्य से दही हांडी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दही हांडी फोड़ कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा के कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता, भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने फीता काटकर किया। बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी ने बताया- 24 फीट ऊंची दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है।

### मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अंतिम प्रकाशन किया गया

# त्रुटियों को कम करने का प्रयास किया गया है : उपायुक्त

**इनमें आठ लाख 29 हजार आठ महिला मतदाता**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को किया गया। अब मतदाता अपना नाम सूची में देख सकते हैं। अगर कोई त्रुटि मिले तो सुधार के लिए आवेदन दें। उक्त जानकारी पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पूरी पारदर्शिता के साथ काम किया गया है। पूर्व के अनुभवों के आधार पर त्रुटियों को कम करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश इतने स्पष्ट और पारदर्शी होते हैं कि इसमें गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं होती। इसके बाद भी अगर कोई गड़बड़ी होती है तो आयोग इसे पीछे से कवरअप कर उसे तत्काल ठीक करता है। मतदाता सूची का सत्यापन करा लिया गया है। साथ ही एक लाख मतदाताओं का पहचान पत्र बदला गया है। जिनके मतदाता कार्ड रंगीन नहीं थे,उन सभी को रंगीन मतदाता पहचान पत्र मुहैया कराया गया है। पुनरीक्षण कार्य के बाद स्पष्ट हुआ कि इस बार पलामू में मतदाताओं की संख्या पांच विधान सभा मिलाकर 17लाख 12 हजार 20 है। इनमें आठ लाख 29 हजार आठ महिला मतदाता हैं।

**इलेक्शन क्विज 2024 का होगा आयोजन**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि इलेक्शन क्विज 2024 का आयोजन कराया जा रहा है। स्वीप के तहत 16 अगस्त 2024 से झारखंड इलेक्शन क्विज 2024 शुरू है। ऑन लाइन क्विज 29 सितम्बर को होगा। इसमें सफल प्रतिभागी 5 अक्तूबर 2024 को रांची में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार की राशि 50 हजार,द्वितीय पुरस्कार की राशि 30 हजार और तृतीय पुरस्कार की राशि 20 हजार है। इसके अलावे जिला में प्रथम स्थान पर रहनेवाले को 10हजार की राशि दी जायेगी। उपायुक्त ने जिले के मतदाओं से इस प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया।

**बीएलओ पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया**

निर्वाचन के काम में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए बीएलओ सम्मान देने के उद्देश्य से 'सैल्यूट टू बीएलओ' अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन पर जिले के कुछ बीएलओ का उत्साहवर्धन के लिए पहचान पत्र उपलब्ध कराया गया है।

**नये नाम जोड़े गए**

उपायुक्त ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान15238 नाम जोड़े गए। जिनकी आयु 18 साल हो गई थी। आगे उन्होंने बताया कि 6512 नामों को सूची से विलोपित कर दिया गया है। इनमें 998 ऐसे लोग शामिल थे,जिनकी मृत्यु हो गई है, जबकि अन्य सभी दूसरी जगह ट्रॉसर्फर हो गए हैं। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग और जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी डॉ. असीम और एपीआरओ अजीत कुमार तिवारी मौजूद थे।

## जन्माष्टमी प्रेम और एकता की भावना से जोड़ता है : अविनाश देव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय में सोमवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां भगवान श्री कृष्ण के रूप में सुसज्जित नन्हे मुन्ने बच्चां दृश्य वाकई में मनमोहन रहा। साथ ही कई मीटर ऊंचाई पर बंधी मटकी को तोड़ने के लिए आवासीय बच्चों के द्वारा बनाए गए पिरामिड का दृश्य भी अद्भुत था। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि जन्माष्टमी सबसे व्यापक रूप से मनाए जाने वाले हिंदू त्योहारों में से एक है। भगवान कृष्ण के जन्म का प्रतीक है। जन्माष्टमी लोगों को प्रेम, विश्वास और सांस्कृतिक एकता भावना से जोड़ता है। मौके पर छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, पूजा देव, विकास विश्वकर्मा, संतन सोनी प्रदीप समस्त कर्मचारी व बच्चे मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का समापन

## 380579 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पल्स पोलियो अभियान 25 से 27 अगस्त तक चलाया गया जिसमें कुल 3,90,347 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक देनी थी। उल्लेखनीय है कि पल्स पोलियो अभियन 25 से 27 अगस्त तक चलाया गया। विभाग के अनुसार पहले दिन 30,67,96 बच्चों को पल्स पोलियो के विभिन्न बूथों पर दवा पिलाई गई। जो की कुल लक्ष्य का 78 प्रतिशत था। दूसरे दिन 47117 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी गई। दोनों को मिला दें तो 91 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई है। इस संबंध में डीपीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि भारत देश में पोलियो का पूरी तरह उन्मूलन किया जा चुका है, परंतु बीच-बीच में विभिन्न देशों तथा कुछ स्थानों पर पोलियो के मरीज पाए जाते हैं, जिससे बचाव के लिए साल में एक बार पोलियो की खुराक दी जाती है। पहले पल्स पोलियो की खुराक साल में दो बार दी जाती थी। पहले दिन यानी 25 अगस्त को पोलियो की खुराक विभिन्न बूथ पर दी गई। जबकि 26 और 27 अगस्त को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

### भारतीय खाद्य निगम खुले बाजार में चावल की बिक्री करेगा

## चावल की कीमत को नियंत्रित करने में मिलेगी मदद : प्रबंधक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय खाद्य निगम बाजार में चावल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए खुले विक्रय योजना आधार पर बिक्री करने का निर्णय लिया है। इसके तहत जिले में दो अगस्त 2024 से ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री की जा रही है। यह जानकारी डालटनगंज मंडल कार्यालय, भारतीय खाद्य निगम के मंडल प्रबंधक यशपाल सिंह ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इसमें थोक उपभोक्ता और व्यापारी भाग ले सकते हैं, जिसमें ई-नीलामी के माध्यम से बोली लगाई जाती है। मौके पर उन्होंने निगम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि 80 करोड़ लाभार्थियों को निगम मुफ्त खाद्यान उपलब्ध कराती है। ऐसे में चावल-गेंहू के बाजार भाव नियंत्रित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु निगम चावल के लिए यह प्रक्रिया अपना रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी एम जंक्शन पोर्टल पर पंजीयन कराकर साप्ताहिक नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा ले सकता है। जहां एक हजार मीट्रिक टन से दो हजार मीट्रिक टन तक चावल खरीदा जा सकता है। इससे महंगाई से राहत मिलेगी। साथ ही चावल की उपलब्धता सभी जगह होगी। इससे कोई चावल का मूल्य ज्यादा नहीं बढ़ा सकता है। मौके पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्याम बाबू ने भी इस योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-नीलामी के तहत 2 हजार मीट्रिक टन की खरीदारी की जा सकती है। आगे उन्होंने बताया कि निगम डिपो में पड़े ओएमएसएसडी के तहत चावल की बिक्री के लिए सूचीबद्ध खरीददारों से जैसा है, जहां है के आधार पर पर करेगा।

## पूर्व सीएम मधु कोड़ा के करीबी विनोद सिन्हा पांकी से लड़ेंगे चुनाव

**नवीन मेल संवाददता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा के करीबी रहे विनोद सिन्हा पलामू के पांकी से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने डाल्टनगंज के एक होटल में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी मीडिया को दी है। उन्होंने बताया कि वे फिलहाल चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह जिस पार्टी से चाहेंगे टिकट ले लेंगे। अगर कोई पार्टी टिकट नहीं देती है तब वह निर्दलीय भी चुनाव लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि वे पूर्व सीएम के करीबी माने जाते हैं। यह पूछे जाने पर की आपको पांकी की जनता क्यों वोट करेगी। वे कहते हैं कि उन्होंने अब जनता की सेवा करने का मन बना लिया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहता था कि किसी भी को कोई दिक्कत हो इसलिए वह चुनाव के समय ही मैदान में है। विनोद सिन्हा ने कहा कि पांकी में विकास की बात नहीं होती है। यहां सिर्फ जाति पाती में लोग उलझे हुए हैं। यहां के जनप्रतिनिधि बांटकर राजनीति कर रहे हैं। वे विकास की नई परिकल्पना को लेकर यहां आए हैं। यहां के लोगों को जाति से ऊपर रोजगार शिक्षा और सिंचाई की व्यवस्था देने के लिए अपनी कार्य योजना बनाकर आए हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए सिन्हा ने कहा 2013-14 में उन पर कई न्यायिक मामले में चल रहे थे, कई मामलों में वह बरी हो गए हैं। उनपर जो आरोप लगे थे उन मामलों में उन्हें न्याय मिला है। सिन्हा ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में कई कार्य करने हैं और यहां पर जनप्रतिनिधि बनकर किया जा सकता है। इलाके में विकास कार्यों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में कदम उठाने की जरूरत है। सिंह के साथ डॉक्टर दीपक कुमार , सोनू खान और परमदेव कुशवाहा मौजूद थे।

**विकास की नई परिकल्पना को लेकर यहां आए हैं: सिन्हा**



### शहादत

### कोयल नदी पुल पर मिलान करा कर संपन्न किया गया

# चेहल्लुम पर निकाला गया जुलूस, याद किए गए इमाम हुसैन



**हुसैन की याद में अखाड़ा ले कर शहर की हृदय स्थली छः मुहान पर करतब दिखाए साथ ही तलवार और लाठियां भांजी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को इमाम हुसैन की याद में चेहल्लुम का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने गतका खेला और करतब दिखाये। विदित हो कि 26 अगस्त को जन्माष्टमी के त्यौहार की वजह से आपसी भाईचारगी और अमन-चैन को कायम रखते हुए मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी ने 27 अगस्त को चेहल्लुम का जुलूस निकालने का निर्णय लिया था। जुलूस पहाड़ी मोहल्ला के कर्बला के मैदान से निकाला गया जो शाह मोहल्ला,ट्रेनिंग स्कूल होते हुए कन्नीराम चौक पहुंचा। जहां कुंड मोहल्ला का गोल शामिल करके विष्णु मंदिर,बताशा पट्टी, घड़ा पट्टी जैन मंदिर होते हुए पंच मुहान पहुंचा। यहां पर नावाटोली और धोबी मोहल्ले का गोल शामिल हुआ जिसके बाद सभी गोल एक साथ छः मुहान पंहुचे। जहां जुलूस में शामिल विभिन्न लोगों ने इस दौरान इमाम हुसैन की याद में अखाड़ा ले कर शहर की हृदय स्थली छः मुहान पर लाठी के करतब दिखाए साथ ही तलवार और लाठियां भांजी। जहां से जिला स्कूल चौक, महिंद्रा आर्केड ,सेवा सदन शिवाला रोड होते हुए भीखम दास मंदिर रोड ,पटाखा मोड़,घास पट्टी, कन्नीराम चौक होते हुए कर्बला के मैदान में पहुंचकर संपन्न हुआ। पूर्व से चली आ रही परंपरा के अनुसार डाल्टनगंज तथा शाहपुर के जुलूस को कोयल नदी में बढ़े जलस्तर के कारण इस बार कोयल नदी पुल पर मिलान करा कर संपन्न किया गया।

**शहादत को याद कर मनाया जाता है चेहल्लुम**

चेहल्लुम के दिन मुस्लिम धर्म के लोग इमामबाड़ा या मजार पर इकट्ठा होकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत की कहानी सुनते हैं। जानकारी के अनुसार इमाम हुसैन यजीद से लड़ रहे थे तब मोहर्रम के 10 तारीख को शहादत हो गए और वह इस्लाम के लिए कुर्बान हो गए। उनकी शहादत के ठीक 40 दिन बाद चेहल्लुम को मनाया जाता है जो चालीसवां के रूप में जाना जाता है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग उनकी वीरता की कहानी सुनते हैं और अपने आप को गमजदा महसूस करते हैं। हजरत इमाम हुसैन की वीरता की कहानी काफी प्रेरणादायक होती है इसके साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के लोग लंगर फातेहा का भी इंतजाम करते हैं। इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि मुस्लिम समुदाय के लोग इसे बड़े प्रेम के साथ और सभी वर्गों के लोग आपस में मिलकर इस त्यौहार को मनाते हैं।



**जन्माष्टमी की वजह से एक दिन आगे निकाला गया जुलूस**

मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जनरल जीशान खान ने बताया की चेहल्लुम का जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से निकाला गया। आपसी भाईचारा एवं अमन चैन के लिए 26 तारीख को जन्माष्टमी के त्यौहार की वजह से एक दिन बाद चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया ताकि हिंदु भाइयों को अपना पर्व मनाने में किसी प्रकार की समस्या ना हो। जुलूस के मार्ग में ही महावीर मंदिर के समीप जन्माष्टमी की खरीदारी होती है जिस कारण ऐसा निर्णय लिया गया। जुलूस में मोहर्रम इंतजामिया के जनरल ज़िशान खान,पलामू सदर मुस्तफा कमाल ,पूर्व जेनरल इसराइल आजाद और इंतेजामिया कमेटी के सरपरस्त इमामुद्दीन खान समेत तमाम कमेटी के लोग शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### अनुराग तिवारी ने परशुराम सेना को मंदिर निर्माण के लिए राशि दान की



**मेदिनीनगर।** मन मोहन तिवारी के निधन के पश्चात उनके बड़े पुत्र अनुराग तिवारी ने अपने पिता की स्मृति में परशुराम सेना को मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रुपये का दान दिया है। उन्होंने कहा कि यह दान न केवल उनके पिता के धार्मिक विश्वासों और सिद्धांतों को सम्मानित करने के लिए है , बल्कि समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान भी है। अनुराग कहा कि मेरे पिता के आदर्शों और उनकी धार्मिक आस्था ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। उनकी स्मृति में यह दान एक छोटा सा प्रयास है, जिससे उनके मूल्यों और सिद्धांतों को जीवित रखा जा सके। मैं आशा करता हूं कि यह दान समाज के लिए एक सकारात्मक पहल साबित होगा। परशुराम सेना के पदाधिकारियों उनके कार्य की सराहना की और मंदिर निर्माण कार्य में इस दान का उपयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर परसुराम सेना से कमलेश शुक्ला, मधुकर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला, बबलू पांडे, पप्पू तिवारी, वाल्मीकि पांडे, अमित गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

### वारंटियों के घर इश्तेहार चिपकाए गए



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में माननीय व्यवहार न्यायालय पलामू के द्वारा निर्गत इश्तेहार लेस्लीगंज थाना पुलिस द्वारा वारंटियो के घर पर चिपकाया गया । लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि जिन वारंटी के घर इश्तिहार चिपकाए गया हैं। उनके नाम पप्पु राम, ग्राम राजहरा, शम्भू राम, ग्राम गुरूवा दोनो थाना लेस्लीगंज ,जिला पलामू के निवासी है। वारंटियो के घर से फरार होने की स्थिति मे दोनो अभियुक्त के घर पर इश्तिहार चिपका कर एवं माननीय न्यायालय पलामू मे विधिवत इस्तेहार तामिला किया गया है।

### कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास क साथ मनाया गया। इसको लेकर काली मंदिर, महावीर मंदिर,शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर सहित सभी मंदिरों को आर्कषक ढंग से सजाया गया था। जहां रात्रि 12 बजे को भगवान श्री कृष्ण का जन्म मुर्हुत आते ही भजन-कीर्तन के साथ आरती की गई। इस अवसर पर श्रद्धालु सभी मंदिरों में घूम कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया। राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी राजेश मिश्रा ने बताया कि श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया । साथस ही शोभायात्रा निकाली गई ,जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु जय कन्हैया जय कन्हैया की धुन पर नाचते दिखे।

### नई संस्कृति सोसायटी ने मनाई अपनी नौवीं वर्षगांठ



**मेदिनीनगर।** 25 अगस्त को स्वयंसेवी संस्थान नई संस्कृति सोसायटी ने अपनी नौवीं वर्षगांठ मनाई। वर्षगांठ कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के सदर प्रखंड स्थित पोलपोल हाई स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही झाबर पंचायत के पीढीया गांव में जाकर गरीब बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री एवं भोजन का वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों के बीच पौधा भी वितरित किया गया। इसके बाद सभी सदस्य एक साथ मलय डैम के सुंदर वातावरण के बीच केक काटकर एवं आपस में मिठाइयां खाकर संस्था की नौवीं वर्षगांठ मनाई। मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने कहा कि हम सभी ने विगत नौ साल में समाज के भीतर नई चेतना का संचार करने का कार्य किया है एवं हम सभी समाज की कुरीतियों को उखाड़ फेंकने क लिए संकल्पित हैं। संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए लगे रहना ही जीवन के उद्देश्य को दर्शाता है। कार्यक्रम में नई संस्कृति के सचिव अजीत कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष राहुल रंजन, एडमिन चंदा झा, हिमांशु त्रिवेदी ,रिया, आनंद, सुनील कुमार, उदय कुमार झा, शशांक शेखर पांडे, कश्मीर कुमार के साथ बहुत सारे ग्रामीण एवं बच्चों ने अपनी सहभागिता निभाई।

### दीपक कुमार लाल ने कांग्रेस प्रत्याशी बनने की दावेदारी प्रस्तुत की



**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र से दीपक कुमार लाल ने प्रत्याशी बनाने हेतु कांग्रेस पार्टी में अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। उन्होंने अपना आवेदन पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक को सौंपा है। ज्ञातव्य है कि दीपक कुमार लाल के पिता सोमेश्वर प्रसाद को कांग्रेस पार्टी ने 1995 में यहां से अपना प्रत्याशी बनाया था। दीपक कुमार लाल छात्र जीवन से युवा कांग्रेस, जिला कांग्रेस, एवं प्रदेश कांग्रेस में पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं। उनकी उम्मीदवारी से चुनाव काफी दिलचस्प होने की संभावना प्रबल है।

## एक नजर

### झामुमो पंचायत कमेटी का गठन, अजित बने अध्यक्ष

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के मझिगावां पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की पंचायत कमेटी का गठन मंगलवार को संपन्न हुई। बैठक में स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता झामुमो नेता हिफाजत अंसारी ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। मौके पर पंचायत स्तर पर संगठन के विस्तार और जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारियां सौंपी गईं। सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष अजित यादव, युवा अध्यक्ष छोटन प्रजापति, महिला मोर्चा अध्यक्ष मायावती देवी, सचिव रेखा देवी को बनाया गया। कमेटी गठन के माध्यम से पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पकड़ को और मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, युवा प्रखंड अध्यक्ष विजय मेहता,सचिव सियाराम,जिला कार्यसमिति सदस्य विनोद यादव,अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष हिफाजत अंसारी,महिला मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संगीता देवी झामुमों नेता राजेन्द्र यादव,श्यामसुंदर राम,जाकिर हुसैन, रवि हुसैन,सतेंद्र बैठा,सतेंद्र दबे,चंदन राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सेमीफाइनल मैच ड्रा रहा



**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत के शिवाजी खेल मैदान में ज्योतिबा फुले स्पोर्ट क्लब द्वारा आयोजित नीलांबर-पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच सिंदुरिया क्लब और केतार फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। सिंदुरिया और केतार के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा। मैच के रेफरी शक्ति सिंह खरवार, लाइनमैन धनंजय यादव, राजू यादव ने किया। इस मौके पर समाज सेवी राम प्रताप यादव,क्लब के अध्यक्ष आलोक यादव,सचिव रंजीत पटेल,सह सचिव कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव,राजमोहन यादव, भीम यादव,राकेश यादव, संजय यादव, नगीना यादव,रमेश यादव, विश्वजीत यादव, उदल यादव, चिखुर महतो, प्रेमचंद यादव, राजू यादव, सिकेश सिंह, विकाश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आस्था व उल्लास के साथ मना श्री कृष्ण जन्माष्टमी

# कुलवा के दीपक मनवा में,आस लागल हो...



### वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा -अर्चना की

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जय कन्हैया लाल की मदन गोपाल की जयघोष के साथ श्री बंशीधर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री बंशीधर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भारी संख्या महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रात्रि 10 बजे के बाद उमड़े श्रद्धालु की भीड़ को संभालने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन और ट्रस्टी के लोगों को काफी मशक्कत करना पड़ा। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बंशीधर मंदिर में श्री कांत मिश्रा और विद्वान पंडितो ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना किया। 12 बजते ही भगवान श्री कृष्ण जन्म के साथ ही मंदिर परिसर में उमड़े महिला श्रद्धालु जुग जुग जियसु ललनवा, भवनवा के भाग जागल हो, ललना लाल होइंहे, कुलवा के दीपक मनवा में,आस लागल हो। जन्मे है कृष्ण कन्हैया गोकुल में बाजे बधैया हो, देवकी के जन्मे कन्हैया गोकुल में बाजे बधैया हो.....सोहर गीत गाने लगे। देर रात तक बंशीधर मंदिर में श्रद्धालु का भीड़ पूजा अर्चना करने और भगवान के दर्शन करते रहे। जन्मोत्सव से पूर्व भागवतकथा का समापन किया गया।

**जन्मोत्सव कार्यक्रम पर लगे थे सुरक्षा व्यवस्था में**

सुरक्षा व्यवस्था में एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, महिला थाना प्रभारी रेणूका किस्कू सहित स्थानीय थाना और जिला के पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

### कथा वाचक को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



कथा करने वृंदावन से आए कथावाचक पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती महाराज को पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, मानवेंद्र प्रताप देव ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर ट्रस्टी द्वारा विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर में पिछले एक सप्ताह से भागवत कथा तथा वृंदावन से आए टीम के कलाकारों द्वारा रासलीला कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मौके पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, श्री बंशीधर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, दीपक प्रताप देव, मानवेंद्र प्रताप देव, धीरेंद्र चौबे, मुक्तेश्वर पांडेय, बीरेंद्र कमलापुरी, मनदीप कमलापुरी, मनीष कुमार, सुरेश विश्वकर्मा, नागेंद्र कमलापुरी, सुधीर प्रसाद, खुशदिल सिंह, सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

## युवती ने यौन शोषण का आरोप लगाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सिंदुरिया निवासी मोहन लोहरा की 21 वर्षीय पुत्री दूजा कुमारी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि चन्दन पासवान पिता ललु पासवान ग्राम ढेकुलिया, पो. थाना भवनाथपुर जिला गढ़वा द्वारा शादी का प्रलोभन देकर उसका यौन शोषण किया गया था, जिसके लिए वह जेल गया था। उस केस मे वह उससे समझौता कर ली थी, क्योकि वह शादी करने का वादा किया था। जेल से निकलकर पुनः मुझे शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ हमेशा शरीरिक संबंध बनाते रहा व अपने घर में रखा। उसने बार-बार कहने पर भी आज तक उसके साथ शादी नहं किया। 25 अगस्त को मारपीट कर उसका मोबाईल छिनकर घर से भगा दिया। इसकी सूचना वह महिला थाना नगर उंटारी को दी है, लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पार्श्व गायक मुकेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में गायक स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर का 48 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वर्गीय मुकेश के तस्वीर पर पुष्प और माला अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी ने कहा कि स्वर्गीय मुकेश चंद्रमाथुर जी के गीतों में जो दर्द जो कशिक और जो मिठास है। वह अब कयामत तक किसी गायक के गले से अब सुनने को नही मिलेगी। अब के दौर के गीत हवा के झोंको की तरह जेहन में आता है। वहीं हवा के झोंको के तरह दिलो दिमाग से निकल जाता है इसलिए नए पीढ़ी को मुकेश जी के गायिकी के रसपान करना बहुत जरूरी है। यह तभी सम्भव है जब मुकेश जी के गीतों से प्रभावित होकर मुकेश जी के गीतों को अपने जेहन दिलोदिमाग और अपने गले मे उतारे।यही कारण है कि इस बार संगीत के सभी नए छात्र छात्राओं के साथ लेकर स्वर्गीय मुकेश चंद्रमाथुर जी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी संगीत के छात्र छात्राओं ने मुकेश जी के गीतों को गाकर श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान सर्वप्रथम रंजीत किशोर ने जाने चले जाते है कहाँ दुनिया से जानेवाले, जीना यहाँ मरना यहाँ इसके सिवा जाना कहां, पूर्णिमा कुमारी के फूल तुम्हे भेजा है खत में फूल नही मेरा दिल है, धर्मेंद्र कुमार ने चंदन सा बदन चंचल चितवन, परिधि कुमारी के साथ महबूब मेरे महबूब मेरे तू है तो दुनिया कितनी हंसी है। सुनेश विश्वकर्मा ने दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन मे समायी काहे को दुनिया बनायी...., खुशी कुमारी ने साथ मैं ना भूलूंगा मैं ना भूलूंगी, अनिल कुमार ने सुहानी चांदनी रातें हमे सोने नही देती, प्रियंका कुमारी ने फूल आहिस्ता फेंको फूल बड़े नाजुक होते है... पेश की।

## भगवान के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें: मिथिलेश ठाकुर

### मंत्री ने किया श्रीबंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** गढ़वा विधायक सह झारखंड के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात कर लोगों की भलाई के बाद ही श्री कृष्ण व राम राज्य की स्थापना संभव है। वह सोमवार की शाम में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीबंशीधर मंदिर में आयोजित रासलीला में युगल सरकार के आरती उतारने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने गीता में सभी मानव जीवन के कल्याण का संदेश दिया है। भगवान श्री कृष्ण ने अपने उपदेश में कहा है कि हमें कर्म करना चाहिये, फल की आशा नहीं करनी चाहिये। हम कभी अधर्म के रास्ते पर नहीं चलें एवं हम कभी बुराई नहीं करेंगे तो निश्चित रुप से सबका कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में सनातन धर्म में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं मुस्लिम धर्म में चेहल्लुम का त्योहार उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। दोनों त्योहार का एक मात्र उद्देश्य बुराई पर अच्छाई का संदेश है। उन्होंने कहा कि जब जब पृथ्वी पर आसुरी शक्तियों का प्रभाव पड़ा है तब तब भगवान किसी न किसी रुप में अवतार लेकर उन आसुरी शक्तियों का संहार कर राम राज्य एवं श्री कृष्ण राज्य की स्थापना की है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें एवं मानव प्रेम में आगे बढ़ें और अपने कर्तव्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। श्री बंशीधर मंदिर कॉरिडोर निर्माण कराने संबंधी लोगों के अनुरोध पर मंत्री ने कहा कि वह झूठ नहीं बोलते हैं और न ही तो झूठा आश्वासन देते हैं। आज तो श्री कृष्ण जन्माष्टमी है इसलिये और झूठा आश्वासन नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग पर वे श्री बंशीधर मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिये प्रयासरत हैं। आगे भगवान बंशीधर जी की मर्जी हुई तो शीघ्र ही श्री बंशीधर मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने सभी श्रद्धाओं को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इसके पूर्व मंत्री ने श्री बंशीधर मंदिर में जाकर मत्था टेका एवं विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने भगवन श्री कृष्ण से राज्य में खुशहाली एवं अमन चैन की कामना की। संचालन ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र चौबे ने की। मौके पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू, प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव,झामुमो वरिष्ठ नेता ताहीर अंसारी,दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, मानवेंद्र प्रताप देव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए मुखिया

**केतार।** राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड के सभी मुखिया 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना पर चले गये है। उक्त जानकारी केतार प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया की मांगों को लेकर झारखंड प्रदेश मुखिया संघ ने मुख्यमंत्री के नाम 24 जुलाई और 29 जुलाई को मांग पत्र सौंपा था। मुख्यमंत्री से वातार्लाप के लिए समय मांगा था, लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा कोई सुनवाई और सकारात्मक पहल नहीं होने से मुखिया संघ में आक्रोश व्याप्त है। इस कारण प्रदेश मुखिया संघ के निर्देश पर केतार प्रखंड के सभी सात पंचायतों के मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। बता दें कि पिछले 40 दिनों से रोजगार सेवक भी हड़ताल पर हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सिविल सर्जन ने किया पीएचसी का निरीक्षण

**भवनाथपुर।** पल्स पोलियों अभियान के दूसरे दिन सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने भवनाथपुर व केतार प्रखण्ड का जायजा लिया। इस दौरान सीएस से छह माह से बंद पड़े एक्स-रे मसीन के बारे में पूछे जाने पर बताया कि टेक्नीशियन से बात हुई है। अगस्त माह के अंत तक गढ़वा जिला में क्रय किए गए तीनों मशीन को चालू कर लिया जाएगा। जर्जर भवन के बारे में पूछे जाने पर बताया कि इसकी जानकारी नहीं थी। जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी को पत्राचार किया है कि नया भवन बनाया जाए। भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक दर्जन बिना लाइसेंस के जांच घर, होलसेल दावा दुकान के जगह खुदरा बिक्री, प्रखण्ड के अंर्तगत 50-60 छोला छाप चिकित्सक वे धड़क इलाज कर रहे जिस से आए दिन गलत जांच रिपोर्ट एवम गलत इलाज हो रहा है। सीएस ने कहा कि चिकित्सा प्रभारी को आदेश दिया गया है जो इस तरह के दुकान चला रहे है जांच कर कार्रवाई करें। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. दिनेश सिंह, संजय कुमार, लेखापाल प्रदीप पाठक, लिपिक अरुण लकड़ा, डीपीआर रोहित सिंह, सुनील पटेल, अनूप गुप्ता, चंद्रशेखर यादव, अनूज कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डंडई में धूमधाम के साथ मना कृष्ण जन्माष्टमी

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ सोमवार रात्रि भगवान श्री कृष्णा का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर एक दिन का निर्जला उपवास रख भक्तों द्वारा सोमवार मध्य रात्रि डंडाई के श्री राम जानकी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन मनाया गया। गांव के सामाजिक संस्था द न्यू स्टूडेंट क्लब की ओर से मंदिर को जहां व्यापक रूप में सजाया गया वहीं कीर्तन मंडली के साथ-साथ श्रद्धालु और गांव के आम लोगों को बैठने के लिए तरह-तरह का प्रबंध भी किया गया। इससे पहले संस्था के बुलावे पर मंदिर परिसर में पहुंचे कीर्तन मंडलियों द्वारा एक से बढ़कर एक वीर रस में भगवान श्री कृष्णा के जन्मोत्सव का गीत गाया गया। कार्यक्रम में व्यास रमाकांत मेहता व आशीष कुमार राणा इत्यादि लोगों ने अपनी अपनी कला प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बनाने मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा भी बहुत ही शांति प्रिय ढंग से व्यासों द्वारा गाए गीत व भजनों को सुना और आनंद भी लिया गया। मौके पर संस्था के सदस्यों ने बताया कि हम सभी पिछले कई वर्षों से जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव के कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में कई तरह का व्यवस्था करते आ रहें हैं । इस वर्ष भी उनकी असीम अनुकंपा के बदौलत हम सभी संस्था के सदस्यों ने मिलजुल कर उनके जन्मोत्सव कार्यक्रम में कीर्तन भजन करने का काम किया। साथ ही श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में पूजा करने में किसी भी तरह का दिक्कत न हो उसका भी ख्याल रखते हुए पानी से बचाव के लिए ऊपर से टेंट और उसके नीचे उन्हें बैठने के लिए चटाई,दरी की भी व्यवस्था करने का काम किए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्णा का जन्मोत्सव कार्यक्रम करने में हम लोगों को काफी मन लगता है । इसीलिए पर्व के आगमन से पहले हम सभी उनके पूजा महोत्सव कार्यक्रम में बेहतर ढंग से लग जाते हैं।

### पाटीदारों पर खेत में लगाए पौधा नष्ट करने का आरोप



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सिघीताली निवासी श्याम सुंदर मेहता ने स्थानीय थाना में अपने पाटीदारों के विरुद्ध खेत में लगाए गए इमारती लकड़ी और फलदार पौधा नष्ट करने की लिखित शिकायत की है। थाना में दिए आवेदन में उन्होंने कहा कि वह अपने निजी जमीन में लगभग 20 दिन पूर्व भवनाथपुर वन विभाग के नर्सरी से सागवान, आम, कटहल व अन्य 50-50 पौधा लाकर लगाया था। जिसे उनके पाटीदार नंदू मेहता,गुलाब मेहता, मुंद्रिका मेहता और पिंटू मेहता ने मंगलवार की सुबह खेत में लगे घोरान और सभी पौधा को कबाड़ कर फेंक दिया। घटना के वक्त वह घर से बाहर थे। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना मिली। बताते चले की श्याम सुंदर मेहता पर्यावरण और खेती के प्रति काफी सजग व्यक्ति हैं। पहले भी कई एकड़ पथरीली जमीन में मनरेगा से बागवानी में पौधा रोपण किया है, जिसमे खेती के साथ कई फलदार और इमारती लकड़ी का पौधा बड़ा हो चुका है।

## विद्यालयों में प्रबंधन समिति गठन करने के लिए तिथि निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के 30 सरकारी विद्यालयों में प्रबंधन समिति और सरस्वती वाहिनी माता समिति संयोजिका का तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा होने पर समिति पुनर्गठन का निर्देश बीईओ विजय पांडेय ने जारी कर दिया है। उक्त विद्यालयों में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन 28 अगस्त से 31अगस्त तक किया जाना है। इनमें 28 अगस्त को प्राथमिक विद्यालय केतारी, प्राथमिक विद्यालय नावाडीह, नव प्राथमिक विद्यालय बैगई, नव प्राथमिक विद्यालय चांदवापर, नव प्राथमिक विद्यालय दासीपुर, नव प्राथमिक विद्यालय खोनहर, नव प्राथमिक विद्यालय लतमरवा, मध्य विद्यालय बलिगढ़, नव प्राथमिक विद्यालय सिवान टोला में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जायेगा। जबकि 29 अगस्त को मध्य विद्यालय खोनहर, प्राथमिक विद्यालय पालनगर, प्राथमिक विद्यालय मोटंगवा, मध्य विद्यालय पाचाडुमर, प्राथमिक विद्यालय बत्तो कलां, प्राथमिक विद्यालय चांदडीह, नव प्राथमिक योगियावीर, और मध्य विद्यालय बीजडीह में प्रबंधन समिति चुनाव सम्पन्न होंगा। वहीं 30 अगस्त को मध्य विद्यालय परती, प्राथमिक विद्यालय बंसकटिया, प्राथमिक विद्यालय छावनी, प्राथमिक विद्यालय सोनवर्षा, मध्य विद्यालय सिंहपुर, मध्य विद्यालय ताली, प्राथमिक विद्यालय बेलाबार,नव प्राथमिक विद्यालय बक्सीपुर होगा। बीईओ विजय पांडे ने विद्यालय के सचिव को निर्देश दिया है व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पोषक क्षेत्र के बच्चों के माता-पिता, अभिभावक, वार्ड सदस्य, मुखिया को सूचना देने का निर्देश दिया है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दही हांडी प्रतियोगिता की रही धूम

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मंदिरों एवं पंडालो में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गय। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर में दही हांडी प्रतियोगिता की धूम रही। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय लोगों के बीच उत्साह और जोश से हुआ। दही हांडी प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया। 25 फीट की ऊँचाई पर लटकाई गई दही हांडी को तोड़ने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई। टीमों ने अपनी कुशलता, सामर्थ्य और रणनीति का उपयोग करते हुए दही हांडी को तोड़ने की कोशिश की। उत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों ने कृष्ण लीला और भजन गाकर माहौल को और भी भव्य बना दिया। बच्चों और युवाओं ने हांडी तोड़ने की प्रतियोगिता में अपनी-अपनी टीमों को समर्थन दिया।

## छोटे-छोटे बच्चों ने कृष्ण रूप व राधा रूप धारण कर भक्तों का मन मोह लिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले भर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। जिले भर में काफी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया। विभिन्न मंदिरां एवं ठाकुरबाड़ी में काफी बेहतरीन सजावट कर धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओ ने दिन भर उपवास रख कर रात्रि में पूजा अर्चना की। शहर के रंका मोड़, बीपी प्लाजा के पास, मां गढ़ देवी चौक स्थित बिहारी मन्दिर, श्री बांके बिहारी मंदिर, श्री रंगनाथ मंदिर, जोड़ा मंदिर, संघत मुहल्ला स्थित शिव मंदिर, टंडवा हनुमान मंदिर सहित विभिन्न मंदिरां में काफी धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। इन स्थानों पर श्रद्धालुओ की काफी भीड़ लगी रही। शहर के रंका मोड़ में ग्रुप 777 ग्रुप के तत्वावधान में देव रूप सज्जा प्रतियोगिता एवं भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर देर संध्या से ही मंदिर परिसर में भक्तों का जन सैलाब उमड़ने लगा था। इस दौरान मंदिर प्रांगण में देर संध्या से ही प्रासंगिक तरीके से भजन कीर्तन के साथ सोहर गाया गया। इसके बाद देर रात मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर कृष्ण जन्मउत्सव मनाया गया। जन्म उत्सव के बाद में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं की टोली ने मटका फोड़ कार्यक्रम में भाग लिया । मटका फोड़कर भगवान श्री कृष्णा का जन्म उत्सव मनाया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कृष्ण रूप और राधा रूप धारण कर भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता भगत साहू सहित अन्य समाजसेवी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान भगत साहू ने कहा की कृष्ण जन्माष्टमी पर इस तरह का आयोजन करना इन यूवा के द्वारा करना बहुत ही खुसी की बात है। की आज भी इन युवा के द्वारा अपने संस्कृति को पर उन्हें ध्यान है। और इस तरह का आयोजन लोगो में भक्ति का रंग भर देता है। उन्होंने कहा की इस तरह का प्रत्येक वर्ष अयोजन करे हम से जितना सहयोग बनेगा हम बढ़ चढ़ कर करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि मद्धेशिया, पंकज गुप्ता, विकास सिंह, चंदन सिंह, दिलीप सिंह, लकी कश्यप, कुणाल गुप्ता, पीयूष गुप्ता, सुजीत कुमार, छोटू सिंह सहित अन्य लोग का अहम भूमिका रहा।

### आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 30 से

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन 30 अगस्त से 15 सितंबर तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर ही करना है, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सके। बीडीओ ने कहा कि इस दौरान सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी पंचायत में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका तत्काल समाधान करेंगे।

### 48 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन

## निर्धारित समय सीमा के भीतर सुधार के लिए आवेदन करने की सलाह दी गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** बीडीओ रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में खरौंधी प्रखंड मुख्यालय सहित सभी 48 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार को किया गया। बीडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि यह प्रक्रिया आगामी चुनावों के लिए की गई है, जिससे सभी मतदाता अपने नामों की पुष्टि कर सकें और किसी भी प्रकार की त्रुटि को समय रहते सुधार सकें। मतदाता सूची का यह प्रकाशन चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार किया गया है। इसके तहत प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर सूची को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया है, ताकि लोग आसानी से इसे देख सकें। मतदाता सूची का प्रकाशन उन लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो हाल ही में 18 वर्ष के हुए हैं या जिन्होंने अब तक अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़वाया था। खरौंधी प्रखंड के अधिकारी इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। मतदाता सूची में कोई गलती होने पर, मतदाताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर सुधार के लिए आवेदन करने की सलाह दी गई है। इसके लिए संबंधित मतदान केंद्र पर फार्म उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें भरकर मतदाता अपनी जानकारी को अपडेट कर सकते हैं। मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही, निर्वाचन आयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो।इसके अलावा प्रखंड स्तर पर भी मतदाताओं के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। इस प्रकार खरौंधी प्रखंड में मतदाता सूची का सफल प्रकाशन सुनिश्चित करता है कि आगामी चुनावों में सभी योग्य मतदाता अपनी भूमिका निभा सकें। मौके पर जीपीएस उमेश कुमार, कौशलेंद्र शुक्ला, मयंक कुमार, कलामुद्दीन अंसारी,राजेन्द्र राम, श्यामा पासवान मतदान केंद्रों पर बीएलओ अजंता गुप्ता, मीरा देवी, तिलेश्वरी देवी, सुनीता देवी, सुनैना देवी, करिश्मा बानो, शांति देवी, मुनि देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**मतदाताओं में जागरूकता बढ़ेगी**

इस पहल से न केवल मतदाताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ मतदाताओं को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जिससे वे अपने मतदान अधिकार का सही इस्तेमाल कर सकें।

# श्री कृष्ण की लीला निराली एवं अपरंपार है : सुमन राय




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर रूप सज्जा एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण की युगल जोड़ी का आरती किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। राधा कृष्ण के रूप में सुसज्जित भैया बहनों का निर्णायक मंडली के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया गया। रूप सज्जा में प्रथम स्थान राधा के रूप में इशिका आर्य इक्का, द्वितीय स्थान प्रिंसी कुमारी एवं तृतीय स्थान व्यवंशी कुमारी तथा कृष्ण के रूप में विराट कुमार साहू, आलोक कुमार तथा अमन लोहार को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बहन आद्या पाठक तथा उनकी सहेलियों द्वारा एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुमन राय ने कहा भगवान श्री कृष्ण की लीला निराली है एवं अपरंपार है श्री कृष्णा 16 कलाओं से परिपूर्ण थे और हमें अपने बच्चों को 16 कलाओं से परिपूर्ण करें । कृष्ण की बाल लीलाएं अति मनमोहक है। मूर्ति कला में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया को 500 रुपए देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सुमन राय, रेणु अग्रवाल, ममता सिंह, सरिता जायसवाल, कमला देवी, नेहा पाठक, अनिता कुमारी के साथ सैकड़ो की संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अशोक कुमार सिंह, रवि रंजन कुमार उपाध्याय, गणेश साहू समस्त आचार्य बंधु भगिनी का योगदान रहा।


शिशु मंदिर स्कूल में रूप सज्जा एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

## वाल्मिकी नगर में हुई बाल संस्कार केंद्र की शुरूआत

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहर के बाल्मीकि नगर में जुगल बाबू बाल संस्कार केंद्र की शुरूआत श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीशंकर तिवारी सेवा न्यास द्वारा की गई। यहां दस साल तक के बच्चों को हर शाम शिक्षा और संस्कार सिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक क्षेत्र कार्यकारिणी के सदस्य एवं पूर्व क्षेत्र सेवा प्रमुख झारखंड-बिहार अजय कुमार मौजूद थे। अजय कुमार ने कहा कि इस बस्ती के लोग विकास में काफी पिछड़े हैं। बच्चों को शिक्षा और संस्कार देकर इन्हें आदर्श नागरिक बनाना है। ताकि समाज और देश के उत्थान-सशक्तिकरण में यह सक्रिय भूमिका निभा सकें।

## दही-हांडी और मटका फोड़ प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम आयोजित



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में भगवान कृष्ण के जन्म जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। चैनपुर के श्री राधाकृष्ण मंदिर में मंदिर के पुजारी संजय पाठक के द्वारा सैकड़ो लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान कृष्ण के जन्म के बाद उन्हें पूरी भक्ति एवं श्रद्धा के साथ झुला झुलाया। युवाओं ने दही मटका फोड़,नृत्य, किया गया। पूजा के बाद महाभोग का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भजन और कीर्तन के साथ भगवान कृष्ण के जयकारे से पूरा चैनपुर दुर्गा मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र श्री राधाकृष्ण, हरे राम से गुंजायमान हो उठा। पुजारी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरी गणेश पूजन से किया गया। तत्पश्चात कलश स्थापना की गई।

## श्री कृष्ण संपूर्ण मानव जाति का कल्याण करते हैं : बिपिन कुमार दास



**लोहरदगा ।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में श्री राधा कृष्ण रूप साज- सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के भैया/ बहन ने श्री कृष्ण एवं राधा जी के बाल स्वरूप को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। रूप साज -सज्जा प्रतियोगिता सुप्रिया घोषाल के निर्देशन में भैया /बहनों ने श्री कृष्णा का बंसी बजाते हुए, माखन खाते हुए ,एवं राधा जी का मनमोहक रूप धारण कर नृत्य के साथ खूब लुभाया। भैया /बहनों ने कान्हा और राधा के रूप में ईश्वर का दर्शन कराया । साथ ही मनमोहन एवं मनभावन प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा सनातन धर्म में भगवान किसी न किसी रूप में धरती पर अवतरित होकर संपूर्ण मानव जाति का कल्याण करते रहे हैं। भगवान श्री कृष्ण हम सभी का मंगल करें। विषय प्रवेश जामवंती मिश्रा ने प्रस्तुत किया ।

# न्यूज बॉक्स

## बी पॉजिटिव ब्लड डोनेशन कर सदर अस्पताल में इलाजरत एक मरीज की सहायता की



**गुमला।** बहुत ही गंभीर स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए।मारवाडी युवा मंच गुमला के तत्वाधान में सुजाता देवी जी ने पहली बार अपना बी पॉजिटिव ब्लड डोनेशन कर के सदर अस्पताल में इलाजरत एक मरीज की सहायता की. मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान प्रभारी के रोहित खंडेलवाल ने बताया कि ब्लड बैंक में बी पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध नहीं था और मरीज को बी पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यक आवश्यकता थी, स्थिति की गंभीरता को समझते हुए सुजाता देवी जी ने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर अपना पहला बार रक्तदान किया। इनका कार्य बहुत ही प्रशंसनीय है। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन संगीता कुजूर,मनोज मलानी,रोहित खंडेलवाल रक्तदान प्रभारी उपस्थित थे।

## फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी का किया गया वितरण



**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव के सौजन्य से विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल के द्वारा लोहरदगा प्रखंड के ग्राम भक्सो, बी आई डी,मधुबन आदि गांव के युवा खिलाड़ियों को जर्सी वितरण किया गया। मौके पर निशीथ जायसवाल ने कहा कि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव के द्वारा लोहरदगा के विभिन्न गांवों एवं शहरों में खिलाड़ियों खेल के लिए जर्सी का वितरण किया जा रहा है। जिससे खिलाड़ी में काफी हर्ष है। इस प्रकार के कार्यक्रम से ग्रामीणों इलाको के खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलता है। इस मौके मुख्य रूप से रामदेव उरांव,गंगा उरांव,बबलू उरांव,रामदयाल उरांव,सुजीत उरांव,अभिजीत,अकास कुमार,कृष्ण ,बिहारी मुंडा,संतोष उरांव आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में पूर्व मुखिया घायल, ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत ग्राम में भरद्वाज कंट्रक्शन कम्पनी का हाइवा ट्रक जे एच 13 जे 6242 के चालक ने अपची मोटरसाइकिल जे एच 01 सी बी 3686 को अपने चपेट में ले लिया.जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया.और मोटरसाइकिल में सवार बदला पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप उराँव को चोटें आई। घटना के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों ने आनन फानन में घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पूर्व मुखिया खतरे से बाहर होने की बात बताया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार भरद्वाज कंट्रक्शन के मालवाहक हाइवा ट्रक मन्हे महगांव की ओर से सड़क निर्माण सामग्री गिरा कर भड़गांव जा रहा था।इसी दरमियान बदला ग्राम भ्रमण कर रहे पूर्व मुखिया को अपने चपेट में ले लिया।जबकि चालक ने बताया कि घटना में मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हुआ है। आरोप लगाया जा रहा है इस घटना के पीछे भरद्वाज कंट्रक्शन मालिक का इशारा होने की संदेह जा रहा है। जबकि भरद्वाज कंट्रक्शन का दबाव के कारण चालक तेज रफ्तात में ज्यादा सड़क निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर पहुंचाने को लेकर यह घटना होने की बात बताई जा रही है। वही ट्रक को कब्जे ले अग्रतर करवाई पुलिस जुट गई है।

## चेहल्लुम के मौके पर मेले का आयोजन



**सेन्हा लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र भड़गांव मेला टाँड़ में चहल्लूम कमेटी कलेहेपाट,भडगांव द्वारा मेला का आयोजन किया गया.आयोजित चेहल्लुम मेला में अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मेला में प्रखंड क्षेत्र के मौके पर अरु ,सेन्हा, बूटी, झखरा,डोका, पारही, बांध टोली अरु,जोगना सुरसा, चापी सहित विभिन्न जगहों का अखड़ा के लोग शामिल होकर या हुसैन,या अली, नारे तकबीर का नारा बुलंद किया।वही मेला में आये सभी गांवों के अखाड़ा ने लाठी,तलवार का खेल दिखाया और नुमाइश की तारीफ सभी लोगों ने किया। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर ने रउफ अंसारी ने कहा कि इमाम ए हुसैन के बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा करें और हक के साथ नेकी कर जीवन को गुजारे आपसी सौहार्द कायम रखें और अपने वतन की पहचान बनाये।साथ ही कहा कि सभी मजहब का आदर करें।वही ज़िला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की इमाम ए हुसैन ने दुःख सुख में एक दूसरे की सहयोग करने और और अमन चैन से जीने का रास्ता बताया है। जिसे लोग अपनाए और भाईचारा के साथ मानव को सम्मान देना सीखे।

## उग्रवादी हमला : गाड़ियों के शीशे तोड़े और कर्मियों को पीटा

**गुमला।** जिले के बसिया में उग्रवादियों ने मंगलवार भोर चार बजे बसिया व सिसई प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के लिए बनाये गये कैंप पर हमला किया। कई गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले और कैंप में सो रहे कर्मचारियों को भी मारा-पीटा। बताया जाता रहा कि अहले सुबह 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी आये थे। लेवी की मांग को लेकर सिसई व बसिया सड़क का निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी और कैंप में खड़ी गाड़ियों पर हमला कर दिया। उस वक्त कई कर्मचारी सो रहे थे। उग्रवादियों के पहुंचने के बाद सभी की नींद टूट गयी। इसके बाद उग्रवादी सभी कर्मचारियों को घेरकर पीटने लगे। छह कर्मचारियों को चोट लगी है। बाकी कर्मचारी कैंप से भाग खड़े हुए। अभी तक कई फरार कर्मचारी कैंप में वापस नहीं लौटे हैं। गुमला जिले के बसिया प्रखंड के पोकटा गांव के समीप विनोद जैन कंस्ट्रक्शन द्वारा पुल बनवाया जा रहा है। सड़क की लागत 60 करोड़ रुपये से अधिक की है।

### गुमला जिले में हुआ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का आगमन, कहा-

# मोटे अनाज को प्रोत्साहित कर इसे व्यावसायिक रूप दें



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मंगलवार को गुमला पहुंचे। सर्व प्रथम परिसदन भवन में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया। परिसदन भवन में राज्यपाल ने पीएम जनमन योजना के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया, इस दौरान गुमला के पीवीजीटी नागरिकों के सुविधा के लिए प्रारंभ किए हेल्प लाइन संख्या 9431319825 का राज्यपाल ने शुभारंभ किया।

इस दौरान राज्यपाल ने जिला विज्ञान केंद्र का दौरा किया, उन्होंने विज्ञान केंद्र के सभी भागों का अवलोकन किया, एवं विज्ञान केंद्र अंतर्गत व्यवस्थाओं से वे प्रभावित हुए। उन्होंने विज्ञान केंद्र में गुमला जिले से पिछले वर्ष एवं इस वर्ष शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो जाकर आई सभी छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने छात्राओं से उनके अनुभवों के बारे में पूछा।

**सावित्री बाई फुले पुस्तकालय का अवलोकन**

इस दौरान राज्यपाल ने जिले के महिलाओं के लिए निर्मित सावित्री बाई फुले पुस्तकालय का अवलोकन किया वहां की व्यवथाओं से अवगत हुए। उन्होंने वहां पढ़ने आई अभ्यार्थियों से भी मुलाकात की। इस दौरान छात्राओं / अभ्यार्थियों ने राज्यपाल महोदय से कई सवाल किए, उनके जीवन एवं संघर्षों से जुड़े बातों को जानना चाहा।

**जिला रागी प्रोसेसिंग सेंटर का किया भ्रमण**

राज्यपालने जिला स्थित रागी प्रोसेसिंग सेंटर का दौरा किया, एवं वहां दीदियों के द्वारा बनाए जा रहे रागी लड्डू एवं अन्य सामग्रियों का अवलोकन कर दीदियों से भी मुलाकात की।

राज्यपालने जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि गुमला जिले में मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करते हुए इसे व्यवसाय का रूप देना बेहद ही सराहनीय पहल है, रागी मिशन के दौरान महिलाओं को इसमें जोड़कर उन्हें रोजगार देने की इस पहल से राज्यपाल महोदय बेहद ही प्रभावित हुए। उन्होंने महिलाओं की सहभागिता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस दौरान मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, डीआरडीए निदेशक, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला नजरत उप समाहर्ता, डीपीएम खरछढर सहित, जिला खेल पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## भंडरा में इस साल पांचवीं बार पहुंचा हाथियों का झुंड, लोगों में दहशत

**भंडरा, प्रतिनिधि।** जंगली हाथियों का झुंड पुनः लोहरदगा भंडरा प्रखंड के गांवों में भ्रमण करने लगा है। इससे लोगों में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया है। हाथियों का यह झुंड कैरो से नरौली होते हुए रविवार शाम बंडा गांव पहुंचा था। ग्रामीणों द्वारा मशाल आदि से वहां से खदेड़े जाने के बाद 22 हाथियों का झुंड कसपुर होते हुए रात्रि में ही सेमरा गांव पहुंच गया। वहां रात भर जगकर ग्रामीण इसे भागने के प्रयास में जुटे रहे। अंततः हाथियों का झुंड तिलसिरी गांव पहुंच गया। यहां के पतरा में दिनभर डेरा जमाये रखा। जबकि एक हाथी सेमरा में ही भटकता रहा। बताया जाता है कि इस झंड में चार हाथी का बच्चे भी है। इस बीच हाथियों के झुण्ड ने नवडीहा के जुगल भगत, कसपुर के रामु लोहरा, एतवा उरांव, संतोष उरांव, अनिल उरांव सहित आधा दर्जन किसानों के धान फसलों को रौंद दिया। हाथियों के झुंड के गांव के समीप आने की सूचना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण सड़कों पर उतर आये हैं।

## इमरजेंसी केयर के सचिव देशराज गोयल ने किया 85 वां रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्वास्थ्य एवं सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली संस्था इमेरजेंसी केयर के सचिव देशराज गोयल ने मंगलवार को लोहरदगा सदर अस्पताल में अपना 85वां रक्तदान किया। उन्होंने एक छोटे से बच्चे के लिए बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया।

लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के रोल गांव के रहने वाले एक सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चे के लिए बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता थी। बच्चे के परिजन काफी परेशान थे। उन्होंने लातेहार में भी काफी प्रयास किया, परंतु उन्हें कहीं भी पॉजिटिव ब्लड ब्लड या डोनर नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद उन्होंने संस्था के सदस्य सूरज चौहान के माध्यम से इमेरजेंसी केयर के अध्यक्ष विक्रम चौहान और सचिव देशराज गोयल से संपर्क किया।

जिसके बाद देशराज गोयल ने बच्चे के लिए रक्तदान करते हुए मानवता का परिचय दिया है। देशराज लगातार रक्तदान कर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। वह लोहरदगा जिले में सबसे अधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदाता में शामिल हैं। पूरे राज्य में भी उन्हें रक्तदान के क्षेत्र में एक श्रेष्ठ स्थान प्राप्त है। रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए देशराज गोयल को राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान प्राप्त हो चुका है।

## मांगों को लेकर मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली की अगवाई में मंगलवार को प्रखंड मुखिया संघ ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही मांग पूरी नहीं होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है। भंडरा मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली ने कहा कि झारखंड राज्य के मुखिया को तो पद तो दिया गया है, परंतु राज्य सरकार द्वारा अब तक उन्हें पंचायती राज के तहत मिलने वाला अधिकार से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि भंडरा मुखिया संघ अपने पांच सूत्री मांगों को पूर्ण नहीं होने तक अनिश्चितकाल हड़ताल में रहेंगे। इस दौरान मुखिया किसी भी सरकारी बैठक, कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनेंगे। साथ उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केरल राज्य के तर्ज पर झारखंड के मुखिया को भी 30 हजार रुपए मानदेय निर्धारित करें। तथा मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अबुआ आवास में मुखिया को भी योजना से जोड़े। ऐसे कई पंचायत है। जिन पंचायत के मुखिया काफी गरीब व मनरेगा जॉब कार्ड धारी है।

### बीडीओ व उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर हड़ताल पर जिले के सभी मुखिया

# मांग पूरी होने तक जारी रहेगा अनिश्चितकालीन हड़ताल



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिला मुखिया संघ ने जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव की अगुवाई में मंगलवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। कहा आपातकाल को छोड़कर योजना संबंधी कार्य नहीं होंगे। कहा की जब तक मांगे पूरी नहीं होती है तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। बासुदेव उरांव ने कहा कि झारखण्ड प्रदेश मुखिया संघ के द्वारा राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगो को लेकर सरकार को 24 जुलाई 2024 एवं 29 जुलाई 2024 को मांग पत्र सौंपा गया था, तथा मुख्यमंत्री से मुलाकान एवं वार्ता हेतु 20 अगस्त 2024 को समय मांगा गया। परन्तु कोई सुनवाई एवं सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण मुखियागण आक्रोशित है। विवश होकर सभी मुखियागण अनिश्चितकालीन धरना पर जा रहे है। जिसकी जवाबदेही राज्य सरकार की होगी। इसकी प्रतिलिपि अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा को भी सौंपी गई। उनकी 5 सूत्री मांगो में पंयायती राज वित आयोग का राशि शीघ्र पंचायत को देने, ताकि पंचायत गांव की सर्वांगीण विकास हो सके। कार्य अवधि के दौरान किसी भी जन-प्रतिनिधि (मुखिया, पं.स.स., वार्ड सदस्य, प्रमुख एवं जिला परिषद्) की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना होने पर उचित 30 लाख की मुआवजा की व्यवस्था की जाए ताकि उनका परिवार का भरन- पोषण हो सके। मुखियागणों का मानदेय केरल राज्य के तर्ज पर 30,000 (तीस हजार रूपया) निर्धारित किया जाए। वर्तमान समय में सरकार द्वारा चल रहे मंईयां सम्मान योजना/अबुआ आवास एवं अन्य सरकारी योजना के लिए पंचायत जन-प्रतिनिधियों एवं उनके परिवारजनों (मुखिया, पं.स.स., वार्ड सदस्य, जिला परिषद) को शामिल किया जाए ताकि शत-प्रतिशत योजना का लाभ जनता को मिल सके।

## प्लस पोलियो अभियान के तहत डोर टू डोर भ्रमण कर बच्चों को पिलायी गयी दवा



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

प्रखंड क्षेत्र में पोलियो मुक्त अभियान का शुभारम्भ 25 अगस्त को बच्चे बच्चियों को पोलियो का ड्राप पिला कर प्रारम्भ किया गया था.जिसके तहत प्रखंड क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक 13521 बच्चे बच्चियों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य था। वही 25 अगस्त को प्रखंड क्षेत्र के सभी 122 पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो मुक्त दवा पिलाया गया था। जिसके पश्चात एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया और स्वाथ्यकर्मियों द्वारा 26 व 27 अगस्त को अपने अपने पोषक क्षेत्रों में डोर टू डोर भ्रमण कर बच्चों को पोलियो दवा पिलाया गया.पोलियो छोटे छोटे बच्चों में होने वाला घातक महामारी है.जिसे पोलियो बीमारी से ग्रसित बच्चे बच्चियां दिव्यांग हो जाते हैं. जिसे पोलियो से बचाव के लिये स्वादथ्य मंत्रालय के निदेर्शानुसार प्रत्येक वर्ष प्लस पोलियो अभियान चला कर बच्चों को दो बूंद पोलियो दवा पिलाया जाता है। वही शकुन्तला देवी,मरियम टोप्पो,रेखा देवी, पार्वती देवी,यशोदा कुमारी, गीता देवी, किरण कुमारी, हुमा समरीन, शांता, मिंज, रजनी देवी, टिंकी देवी, शहनाज बेगम, सहित अन्य सभी सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा अपने आने पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर पोलियो दवा पिलाया गया।

# बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा गुमला मुख्यपथ के बीआईडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। पंचमुखी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर राम चरित मानस, सुंदरकांड आदि का अखंड पाठ किया गया। अखंड पाठ के बाद मंदिर परिसर में हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें लोक कल्याणार्थ मंदिर कमेटी के सदस्यों, नगर के समाज सेवियों व भक्तों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां अर्पित की। पुरोहितो ने कहा कि मनुष्य के जीवन में यश कृति सुख समृद्धि व शांति के लिए भगवान का पूजा आराधना जरूरी है। भगवान हनुमान के गुणगान से पूरे वातावरण में शुद्धता आ जाती है। वही दोपहर के बाद भंडारा का प्रसाद वितरण हुआ। सबसे पहले भगवान हनुमान को भोग का प्रसाद लगाया गया। वही पूड़ी सब्जी, सेव, चटनी, बुंदिया आदि का भी भोग भगवान को लगाया गया। इसके बाद पुरोहितो को भंडारे का प्रसाद खिलाया गया। इसके बाद आम जनता के लिए प्रसाद शुरू किया गया। मंदिर के वार्षिकोत्सव का भंडारा का प्रसाद खाने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग कतारबद्ध होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इधर पंचमुखी हनुमान मंदिर में वार्षिकोत्सव के मौके पर विशेष पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। वहीं इस अवसर पर मंदिर परिसर को बहुत ही मनमोहक एवं आकर्षक तरीके से कृत्रिम एवं वास्तविक फूलों तथा लाल पताकों से सजाया गया था। जय श्री राम एवं जय हनुमान के नारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। इधर देर शाम तक भंडारे में दूर दराज से भारी संख्या में आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## संपादकीय

# शहर की चकाचौंध में गांव

वैश्वीकरण के बाद पिछले 40 वर्षों से शहरों और गांवों में बाजारीकरण के कारण जो गैर-बराबरी बढ़ रही है, उसने गांवों के असली विकास पर सवाल पैदा कर दिया है। आज गांवों में जो विकास दिखता है, वह विकास नहीं, बल्कि बाजारीकरण की मजबूत होती पैठ है। यही उपभोक्तावाद है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में पिछले 1993-94 से 2012 के दौरान उन ऐशो-आराम की वस्तुओं का उपभोग तेजी से बढ़ा, जो अमूमन शहरी अमीरों के पास हुआ करती थीं। जिन गांवों में साइकिल या अपवाद स्वरूप मोटर साइकिल हुआ करती थी, वहां कारें दौड़ने लगी हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 1993-94 से 2012 के बीच कार रखने वालों का प्रतिशत 12 से बढ़कर 40 हो गया। दोपहिया वाहनों की संख्या में पांच गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई। यानी गांवों में भी ऐशो-आराम की जिंदगी जीने वालों की संख्या पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। इससे यह धारणा बननी शुरू हो गई है कि उपभोग के मामले में गांव शहरों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं।

**दोपहिया वाहनों की संख्या में पांच गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई। यानी गांवों में भी ऐशो-आराम की जिंदगी जीने वालों की संख्या पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है।**

लेकिन यह विकास गांवों में बाजार की घुसपैठ का नतीजा है। आंकड़ों की जादूगरी में मन को उलझा देने से असलियत दब जाएगी। इसलिए देखना यह है कि सर्वे रिपोर्ट किस मूल बात को प्रकट करने में चूक गई है। दरअसल, गांवों के असली हालात का सर्वे रिपोर्ट में खुलासा ही नहीं किया गया है। आज भी भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि ही है। गांवों में रहने वालों में 95 प्रतिशत लोग खेती से ही जीविकोपार्जन करते हैं। और इन खेती करने वालों में 85 फीसदी लोग सीमांत या छोटे किसान हैं। इन 85 प्रतिशत लोगों के पास दोपहिया वाहन नहीं हैं और कार खरीदने का तो सवाल ही नहीं उठता है। गांवों में जिनके पास चार पहिया या दोपहिया वाहन हैं, वे बड़े किसान कहे जाते हैं। यानी गांवों में जो उपभोग की वस्तुएं खरीदते हैं, उनकी तादाद 20 प्रतिशत से भी कम ही है। इसलिए पंद्रह प्रतिशत लोगों द्वारा उपभोग की जा रही वस्तुओं के आंकड़ों से गांवों की खुशहाली का अनुमान लगाना उचित नहीं है। निश्चित रूप से गांव का गरीब अब आधुनिक विकास की दौड़ में शामिल होना चाहता है, लेकिन पैसे की कमी के चलते वह इस दौड़ में शामिल नहीं हो पा रहा है। बाजारीकरण के बाद निश्चित रूप से गांव की तस्वीर बदली है, लेकिन यदि विकास से इसे जोड़ा जाए, तो महज 20 प्रतिशत यानी बड़ी जोत वाले किसानों का विकास हुआ। गांव में बड़ी जोत वाले किसानों के पास ही संपत्ति, जायदाद और व्यापार की मोटी कमाई है। यानी मलाई वही वर्ग छान रहा है, जिसकी जमीन पर बिना जोत वाले किसान काम करते हैं। एक आंकड़े के मुताबिक, देश के 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के पास अपनी जमीन नहीं है। पंजाब को सबसे संपन्न प्रांत माना जाता रहा है, लेकिन कर्ज में डूबकर आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या वहां सबसे ज्यादा है। एनएसएसओ की सर्वे रिपोर्ट बताती है कि गांवों में आजादी के लंबे अंतराल के बाद भी दस प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जिनके पास खर्च करने के लिए बमुश्किल से दस रुपये भी नहीं होते हैं।

# कश्मीर चुनाव से नए दौर की उम्मीद




## आज की बात


ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी। यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं। चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने ह्यघोषणा-पत्रह्न को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर-बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। इसलिये प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा। इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है। भले ही सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है, लेकिन भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए भविष्य में क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बहती हवा में जाने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है, इस दृष्टि से वहां होने वाले चुनाव भी विशेष एवं अन्य राज्यों से भिन्न है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# जाटलैंड में श्वेता के जरिये कांग्रेस को विनेश से आस


डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

कुश्ती का कितना दबदबा इस मर्तबा हरियाणा विधानसभा चुनाव में रहेगा? इसको लेकर तो चचाएं आम हैं ही, लेकिन एक और कारण है जिसके चलते मौजूदा चुनाव बड़े दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जाट लैंड के नाम से विख्यात हरियाणा में इस बार चुनावी मुद्दे एकाध नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। कुश्ती की किचकिच, बृजभूषण सिंह और विनेश फोगाट के बीच चिंगारी की भांति भड़कता प्रकरण, जाट आंदोलन, किसान मूवमेंट, चुनाव से पहले नेताओं द्वारा दलबदल, आपसी खींचतान के इतर एक ऐसा अलहदा और नया रौचक मुद्दा उभरा हुआ है। मुद्दा किसी सियासी खिलाड़ी से नहीं, बल्कि घुड़सवार खिलाड़ी से वास्ता रखता है। किरदार का नाम है श्वेता मिर्धा। श्वेता के अचानक सियासत में कूदने से राजनीतिक समीकरण अपने आप बदल गए हैं। श्वेता की आमद ने जहां कांग्रेस में नई जान फूंकी है, तो वहीं भाजपा के चुनावी गणित-भूगोल की ऐसी की तैसी कर दी है। श्वेता मिर्धा बेशक सियासी गलियारों में अपरिचित नाम हो और अनसुना भी। पर, ये नाम हरियाणा विधानसभा चुनाव में अचानक चचाओं में आया है। अगर थोड़ा विस्तार से पूरे माजरे को समझें तो मौजूदा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विनेश फोगाट में अपना भविष्य तलाश रही है। कांग्रेस चाहती है विनेश कांग्रेस का दामन थामे और सियासी लड़ाई में छलांग लगाकर उनकी बैतरणी पार लगाए। लेकिन उनके अथक प्रयासों से कमोबेश वैसा हो न सका। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से लेकर शीर्ष लीडरशिप विनेश को खूब मनाती रही, तरह-तरह के लोभ-लालच दिए गए, लेकिन विनेश नहीं मानी। आखिरकार विनेश के मानने की खबर आई है। उन्हें मनाया किसी नेता ने नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी ने मनाया है। खिलाड़ी का नाम है श्वेता मिर्धा। कांग्रेस इन दोनों के जरिए 90 में कम से कम 60 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य बनाकर चल रही है। सट्टा बाजार तो भविष्यवाणी ही कर चुका है कि अगर विनेश कांग्रेस का प्रचार भी कर देती हैं तो 56 से 60 सीटें जीत सकती हैं। कांग्रेस किसी भी सूरत में विनेश को चुनाव में उतारकर इस बार का चुनावी मैदान फतह करना चाहती है। श्वेता मिर्धा कोई और नहीं, हरियाणा कांग्रेस के कद्दावर नेता व युवा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी हैं। युवा हैं। उच्चशिक्षित हैं। इसके अलावा श्वेता सफल अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने तमाम इंटरनेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते हैं। ऐसा भी नहीं है कि वह राजनीति से अनभिज्ञ हैं। सियासत उनके खून में पहले से है। राजस्थान के दिग्गज जाट नेता व पांच मर्तबा सांसद रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। चलिए अब आते हैं मुद्दे की बात पर। कांग्रेस ने श्वेता को विनेश फोगाट को मनाने के लिए लगाया है। शुरूआती सफलता भी मिली है। पक्की खबर है कि उन्होंने विनेश फोगाट को राजनीति में आने के लिए मना लिया है। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस विनेश से जुड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक न मिलने के उनके विश्वव्यापी प्रकरण को चुनाव में सहानुभूति के रूप में भुनाने से नहीं चूकेगी। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# यह बड़बोलापन ही डुबोता है हमको!


राजीव थेपड़ा
रांची, झारखंड

देश की राष्ट्रीय कही जाने वाली पार्टियों के सांसदों और विधायकों के आचरण के भी कुछ ना कुछ कोड तय किए जाने चाहिए और वह पार्टियों द्वारा स्वयं ही तय किया जाना चाहिए। क्योंकि हमारे देश में अपने कैरेक्टर को, अपने आचरण को स्वयं से मापने का या किसी पैमाने पर जांचने का किसी को कोई सउर ही नहीं है। क्योंकि राजनीति में आते ही हर एक व्यक्ति अपने आप को एक सिकंदर से काम नहीं समझता और हमने इतिहास में देखा है कि तमाम सिकंदरों ने बाकि जनता को अपने पांव की जूती की नोक के बराबर ही समझा है। तो ऐसे में यदि पार्टियों को देश की चुनौतियों को सही मायनों में मुकाबला करने की इच्छा शक्ति हो, तो उन्हें अपने सांसदों और विधायकों के लिए हरगिज हरगिज एक कड़ा आचरण कोड लाना ही चाहिए। पिछले दिनों पूर्व की ख्याति प्राप्त अभिनेत्री एवं वर्तमान नई नवेली नेत्री कंगना रावत ने किसान आंदोलन एवं विभिन्न विषयों से संबंधित जो नासमझी वाली बातें की हैं, उन्हें यहां पर दोहराना भी मुझे अशोभनीय लगता है। क्योंकि यह बिल्कुल ऐसा लगता है कि आप अपनी स्वयंभू राय के लिए को कहने के लिए बाकी किसी को अपने सामने तुच्छ समझते हैं। जबकि आपको लगता है कि आपके द्वारा दिया जा रहा किसी घटना का वर्णन या विवरण बिल्कुल सही है। जबकि देखा जाए तो वह विवरण न केवल तथ्य रूप में, बल्कि भावना के रूप में भी बिल्कुल अनुचित और अन्यायपूर्ण ठहरता है। क्योंकि इस तरह के अनुचित एवं गैर जिम्मेदार वक्तव्य के चलते न केवल राजनीति में, बल्कि समाज की समुचित एकता को बहुत बड़ा आघात पहुंचता है। पूरे समाज की भावना आहत होती है। ऐसे नेता जो सार्वजनिक जीवन में एक अच्छी और बड़ी भूमिका निभाना चाहते हैं, उनको किसी भी हाल में ऐसे वक्तव्य को देने से परहेज करना चाहिए और उन्हें यह सोचना चाहिए कि स्वयं को लाइमलाइट में लाने के लिए जिस प्रकार की मनगढ़ंत बातें वे कर रहे हैं, उससे संभव है कि देश की अनपढ़ एवं अनगढ़ जनता उनके झांसे में आ जाए। इसी प्रकार भांति भांति की घटनाओं पर पक्ष और विपक्ष के नेताओं के जिस प्रकार के शत्रुतापूर्ण बयान मीडिया के द्वारा जनता के सामने आते हैं, उससे जनता भी हैरान और परेशान होती है और साथ ही बहुत सारे सुचिंतित लोग इस विषय पर चिंतित हो जाते हैं। ओवरऑल इससे समूची सामाजिकता को जिस प्रकार का आघात पहुंचता है, वह अंततः किसी भी समाज या किसी भी देश की सेहत के लिए बिल्कुल भी सही नहीं है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## बोधि वृक्ष



# दु:खों से ऊपर उठना

**मनुष्य ने छद्म-आत्मा अथवा अहंकार से गलत ढंग से अपना तादात्म्य कर लिया है। जब वह तादात्म्य के अपने भाव को अपने सच्चे स्वरूप अर्थात अविनाशी आत्मा में स्थानांतरित कर लेता है तो वह पाता है कि सब पीड़ा अवास्तविक है।**


श्री श्री परमहंस योगानंद

इस दु:स्वप्न से बच निकलने का एक मात्र तरीका परमात्मा से अधिक चिपके रहना और इस संसार की स्वप्न वस्तुओं में कम आसक्त होना है। ईश्वर की योजना में निर्दयता नहीं है, क्योंकि उनकी दृष्टि में कुछ भी बुरा या भला नहीं है- केवल प्रकाश और छाया के चित्र हैं। ईश्वर चाहते थे कि हम भी जीवन के द्वन्द्वात्मक दृश्यों को उसी तरह देखें जैसे कि वे स्वयं देखते हैं- इस अद्भुत जागतिक लीला के नित्य आनन्दित साक्षी। मनुष्य ने छद्म-आत्मा अथवा अहंकार से गलत ढंग से अपना तादात्म्य कर लिया है। जब वह तादात्म्य के अपने भाव को अपने सच्चे स्वरूप अर्थात अविनाशी आत्मा में स्थानान्तरित कर लेता है तो वह पाता है कि सब पीड़ा अवास्तविक है। वह अब पीड़ा की अवस्था की कल्पना भी नहीं कर सकता। मनुष्य की अधिचेतना ईश्वर की बनी है तथा पीड़ा से सुरक्षित रखती है। सभी शारीरिक एवं मानसिक पीड़ाएँ एकात्मता, कल्पना और मानव की सोचने की गलत आदतों से आती हैं। आप और भी अधिक मानसिक शक्ति रखें। ऐसी मानसिक शक्ति को विकसित करें कि चाहे कुछ भी हो, आप जीवन की किसी भी स्थिति का साहसपूर्वक सामना करते हुए अविचलित रहें। यदि आप ईश्वर से प्रेम करते हैं तो आपको विश्वास रखना चाहिए और जब परीक्षण आएँ तो उन्हें सहन करने के लिए तैयार रहना चाहिए। दु:ख से भयभीत न हों। अपने मन को सकारात्मक एवं शक्तिशाली बनाए रखें। आपका आन्तरिक अनुभव ही सबसे महत्त्वपूर्ण है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Sujata Tripathy
15h ·

Tarksheel Adda · Follow
6d ·
व्यभिचार के लिए कोई जाति नहीं देखता और शादी के वक्त सात नस्लें याद आने लगती हैं... See more




## X से

Yati Sharma reposted
Yati Sharma @yati_Official1 · 16h
आप कहीं भी घूमने जाते हैं जिस जगह का आपको कोई अंदाजा ना हो जिस जगह के बारे में आप कुछ ना जानते हो उस जगह आप मजाक मस्ती ना करें क्योंकि वह मजाक मस्ती है जानलेवा हो सकती है




7 195 534 50K

## आपकी बात

# 'इंडिया' कॉलम का उद्देश्यपूर्ण लेखन जारी रहे


विजय केशरी
कथाकार/स्तंभकार, हजारीबाग




राष्ट्रीय नवीन मेल' द्वारा हर रविवार को 'साहित्यिकी' परिशिष्ट प्रारंभ किए जाने पर प्रख्यात कथाकार रतन वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है। आज सुबह मैं 'राष्ट्रीय नवीन मेल' की एक प्रति रतन वर्मा को भेंट की। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' का आज अंक देखकर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। आगे उन्होंने कहा कि अब झारखंड से भी राष्ट्रीय स्तर के अखबारों के प्रकाशन हो रहे है। यह इस प्रांत के लिए बड़ी अच्छी बात है। जब झारखंड से पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था ,तब सीमित संसाधनों के बीच यहां के पत्रकारों और संपादकों को काम करना पड़ता था। इसके बावजूद झारखंड के अखबार बड़ी से बड़ी घटनाओं की खबर अखबारों में छापते रहें। झारखंड के पाठक देश की कोई भी राजनीतिक खबरें व देश-विदेश की खबरों से वंचित न रह जाएं, उन तक सूचनाओं को जल्द से जल्द पहुंचाते रह रहें हैं। झारखंड के पत्रकार, पत्रकारिता के प्रति सदा कृत संकल्पित और निष्ठावान बने रहे हैं। आज इसी का प्रतिफल है कि झारखंड से राष्ट्रीय स्तर के कई अखबार प्रकाशित हो रहे हैं।

यह कहते हुए गौरव महसूस होता करता हूं कि झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबार देश के विभिन्न हिंदी प्रदेशों में बहुत ही चाव के साथ पढ़े जा रहे हैं। चूंकि इंटरनेट और डिजिटल का युग है। झारखंड से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी हिंदी दैनिक पर इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। आज करोड़ों की संख्या में झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबार इंटरनेट पर पढ़े जा रहे हैं। यह भी जानकारी मिली है कि विदेशों में भी झारखंड से प्रकाशित होने वाले? अखबार को बहुत ही चाव के साथ पढ़े जा रहे हैं। आज 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के मुख्य पृष्ठ पर एक लीड आलेख वरिष्ठ पत्रकार व कार्यकारी संपादक सुनील बादल का छपा हुआ है। इस संदर्भ में मैं यह कहना चाहता हूं कि आज देश विदेश से प्रकाशित होने वाले चाहे जिस भी भाषा के अखबार हों, नकारात्मक खबरों से भरी रहती हैं। ऐसे में 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण के जीवन और उनके उपदेशों पर बहुत ही सारगर्भित 'प्रबंधन गुरु श्री कृष्ण से आज के नेताओं को सीख लेनी चाहिए' शीर्षक से एक बहुत ही सकारात्मक आलेख को प्रकाशित किया है। इस प्रसंग में यह कहना चाहता हूं कि लोग जैसा साहित्य पढ़ते हैं, उस अनुरूप उनके में बदलाव देखने को मिलते हैं। आज नकारात्मक खबरों के पढ़ते रहने के कारण व्यक्ति का मन अशांत हो जाता है। इस कारण लोगों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा और हिंसात्मक प्रवृत्तियां बढ़ जाती ती है। जाने माने मनोवैज्ञानिकों का कथन है कि लगातार ऐसी नकारात्मक खबरों के पढ़ते रहने से लोग चिंता और अवसाद से ग्रसित हो जाते हैं। इस बदली परिस्थिति में 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने भगवान कृष्ण के जन्मदिन पर अखबार के मुख्य पृष्ठ पर उनके उपदेशों को लेकर जिन बातों को उठाया है। मैं समझता हूं कि समाज पर इन बालों का बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। आलेख में सुनील बादल ने दर्ज किया है कि कृष्ण जिन्हें सर्वज्ञ कहा जाता था, दूसरों के साथ अपने विचार बेहद सरलता से साझा करने में कभी हिचकते नहीं थे। आज की बदली परिस्थिति में लोग मन की बात मन में ही रख लेते हैं। लोग अपने फायदे और जरूरत के हिसाब से अपनी बातों को रखते हैं। ऐसा करने से व्यक्ति नैतिक रूप से कमजोर हो टूटता चला जाता है। इसके साथ ही व्यक्ति अवसाद में भी पंहुच जाता है। मन की बात खुलकर दूसरों के साथ शेयर करने से मन हल्का हो जाता है। इसके साथ ही समाधान की दिशा में कोई न कोई नई राह सुझाव के रूप में जरूर मिल जाता है। उन्होंने श्री कृष्ण को एक प्रबंधन गुरु के रूप में परिभाषित किया है। आज के नेताओं को श्री कृष्ण के उपदेशों से सीख लेने की जरूरत है। श्री कृष्णा के उपदेश सच्चे अर्थों में समाज को बदल सकता है। वनिस्पत कि हम सब उनके उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने दर्ज किया है कि कृष्ण ने अपनी वाणी और कौशल से कई बार पांडवों को प्रेरित किया। वाणी बहुत ही मूल्यवान होती है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी वाणी में मधुरता रखनी चाहिए।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### अनुकंपा समिति की बैठक में 11 आवेदनों की समीक्षा की गई

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक में समिति द्वारा सामान्य आश्रितों के कुल 11 आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा सामान्य आश्रितों के आवेदनों पर विचार विमर्श के बाद 11 में 10 आवेदनों की अनुशंसा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्थापना उप समाहर्ता उदय कुमार व संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 30 से

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम सफल आयोजन करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचला अधिकारी नंद कुमार राम के अध्यक्षता मे बैठक की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाअधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतो में आपकी योजना आपकी सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम 30 अगस्त से लेकर 15 सितम्बर तक शिविर लगायी जाएगी। मौके पर अलोक दुबे, चन्दन कुमार, अरविन्द पांडेय, अजय मुंडा, सुरेन्द्र कुमार सुजीत यादव,शुशीला बागे दीपक कुमार सिंह सहित अंचल कर्मी मौजूद थे।

### `स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन

**बालूमाथ।** सीसीएल संघमित्रा एरिया के मगध परियोजना कार्यालय में राकेश कुमार, मुख्य प्रबंधक (खनन), प्रबंधक खान के रूप में मगध ओसीपी में शामिल हो गए हैं। परियोजना अधिकारी सदाला सत्यनारायण ने एके सिन्हा, पीई (ई एंड एम), मगध ओसीपी के अधिकारियों की उपस्थिति में गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया है। अन्य अधिकारी में दया शंकर ओझा खदान प्रभारी,राजीव केआर प्रेषण अधिकारी, सतीश कुमार पी.ई.(उत्खनन), चंदन चटराज परिवहन अधिकारी, विनोद क्र. राणा, शिव शंकर चौधरी, शुभम कुमार, देबब्रत सरकार और अभिषेक आनंद, कार्मिक प्रबंधक मौजूद थे।

### गैंग रेप के अरोपी गिरफ्तार

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के सिजुआ गांव निवासी गेंग रेप के आरोपी मुकेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रतापपुर थाना में एक मामले में प्राथमिक अभियुक्त है। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायलय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### जायज मांगे सरकार माने, नहीं तो करेंगे आत्मदाह : मनरेगा कर्मचारी संघ

**लातेहार।** राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आह्वाहन पर पिछले 38 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत जिला मनरेगा कर्मचारी महासंघ सरकार के तरफ से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलने से आक्रोशित हैं। हड़ताल के 36 वें दिन लातेहार जिला इकाई के जिलाध्यक्ष मेराजुल हक ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से पिछले 38 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं पर राज्य सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जब तक उनकी मांग सरकार नहीं मान लेती तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बने रहेंगे और अपनी जायज मांग के लिए अगर जरूरत पड़ी तो आत्मदाह भी करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धैर्य की परीक्षा लेना बंद करें। जिला महासचिव ने कहा कि राज्य सरकार का जब गठन हुआ था तब सरकार ने आश्वासत किया था कि जल्द ही मानदेय और स्थायीकरण किया जाएगा।

## लातेहार में 11वीं कृषि गणना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

# डेटा संग्रहण की प्रक्रिया सटीक व त्रुटिहीन होना चाहिए : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के समाहरणालय सभागार में मंगलवार को 11 वीं कृषि गणना 2021-22 (संदर्भ वर्ष) के द्वितीय एवं तृतीय चरण के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षकों, राजस्व उप निरीक्षकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उपायुक्त-सह-जिला कृषि गणना पदाधिकारी गरिमा सिंह ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इस गणना से प्राप्त आंकड़े कृषि के संरचनात्मक पहलुओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि 2021-22 की कृषि गणना चरणबद्ध तरीके से पूरी की जा रही है, जिसमें कुल तीन चरण शामिल हैं। पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जबकि द्वितीय और तृतीय चरण का सर्वेक्षण कार्य अब शुरू होना है। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे दी जा रही जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुनें और यदि कोई दुविधा हो तो उसे तत्काल दूर करें। उन्होंने कहा कि डेटा संग्रहण की प्रक्रिया सटीक और त्रुटिहीन होनी चाहिए, क्योंकि यह आंकड़े कृषि और कृषकों के विकास से संबंधित नीति निर्माण में उपयोग किए जाएंगे। अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला कृषि गणना पदाधिकारी रामा रविदास ने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत लातेहार जिले के 759 राजस्व ग्रामों में कृषि गणना का कार्य संपन्न किया जा चुका है। द्वितीय चरण में कुल सर्वेक्षित ग्रामों के 20 प्रतिशत ग्रामों का और तृतीय चरण में 7 प्रतिशत ग्रामों का सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में क्षेत्रफल और सामाजिक समुहों से संबंधित कुछ त्रुटियां देखी गईं, जिनकी पुनरावृत्ति न हो। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि द्वितीय और तृतीय चरण में परिचालन धारकों के सर्वेक्षण कार्य में प्रगणकों द्वारा की गई त्रुटियों को सुधारा जा सकता है, जिससे गणना की सटीकता और विश्वसनीयता बढ़ाई जा सकेगी।

प्रशिक्षण के दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी-सह-उप जिला कृषि गणना पदाधिकारी मंगल किशोर उरांव ने 11 वीं कृषि गणना के द्वितीय एवं तृतीय चरणों के सर्वेक्षण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन चरणों में विशेष रूप से ध्यान रखने की जरूरत है, ताकि गणना के आंकड़े पूर्णतः सटीक और विश्वसनीय हों। इस कार्यक्रम में लातेहार जिले के सभी अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक और कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे। मास्टर ट्रेनर के रूप में उमाशंकर, आईटी मैनेजर, राहुल कुमार गुप्ता, कंप्यूटर ऑपरेटर, और कनीय सांख्यिकी सहायक धर्मेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## झामुमो फुटबॉल टूर्नामेंट का मंत्री ने किया उद्घाटन- कहा

# खेल आपसी भाईचारे का सिख देता है



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल मैदान में झामुमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य के शिक्षा एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, जिप सदस्य विनोद उरांव सहित इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता का झारखंडी रीति रिवाज के साथ स्वागत कर गीत गाते हुए नृत्य करती बच्चियों ने मंच तक पहुंचाया। मौके पर मुख्य व विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़ा व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर एवं गेंद को कीक मारकर किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि इस तरह का आयोजन लातेहार विस क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में किया जा रहा है। जिसका एकमात्र उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि खेल आपसी भाईचारे का सिख देता है। पहला मुकाबला प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोईया और रजवार के साथ खेली गई। मारंगलोईया की टीम ने 3-1 गोल से जीत दर्ज की। रेफ्री का भूमिका क्षेत्रीय रेफरी राजकिशोर पासवान ने किया। आयोजन समिति में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव, संरक्षक मोहम्मद इमरान, सचिव मोहम्मद जफर, झामुमो नेता समसूल होदा ,प्लस टू विद्यालय के प्रधानाचार्य रूबी बानो, बारियातू 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, मो. समसुल खान ,समाजसेवी मोहम्मद मुजम्मिल, श्यामसुंदर यादव, हरिहर यादव ,राजेश कुमार, सत्येंद्र यादव, निरंजन यादव अन्य उपस्थित थे।

## दैनिक श्रमिक पर अवैध तेंदूपत्ता कारोबार में संलिप्तता का आरोप

**गारू।** बारेसाढ़ वन क्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग में कार्यरत एक दैनिक श्रमिक मजदूर बलराम यादव पर अवैध तेंदूपत्ता कारोबार में संलिप्त होने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके पद से हटा दिया गया है। गारू पश्चिमी वन क्षेत्र के रेंजर, तरुण कुमार सिंह ने इस बात की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बलराम यादव पर अवैध गतिविधियों में शामिल होने के कारण मामला दर्ज की गई है। बलराम यादव वन विभाग में कार्यरत रहते हुए अवैध तेंदूपत्ता कारोबार में सक्रिय थे। विभागीय जांच के दौरान उनके खिलाफ ठोस सबूत मिलने पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और उन्हें तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। श्री सिंह ने कहा कि यह विभाग की नीतियों और कानून का स्पष्ट उल्लंघन था, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हालांकि बलराम यादव ने अपनी बर्खास्तगी के बाद भी दैनिक श्रमिक मजदूर संघ की बैठकों के माध्यम से बार- बार वन विभाग पर पुनः नियुक्ति का दबाव बनाने की कोशिश की। लेकिन वन विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बलराम यादव को किसी भी स्थिति में दोबारा रोजगार नहीं दिया जाएगा। रेंजर ने बताया कि यादव अन्य श्रमिकों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं और श्रमिक संघ के माध्यम से विभाग पर दबाव बना रहे हैं। वन विभाग की सख्त कार्रवाई के बाद से क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है। विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बलराम यादव के खिलाफ की गई इस कार्रवाई को लेकर विभाग के अन्य श्रमिकों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि उनकी गतिविधि वन संपदा को लेकर संवेदनशील रही है और ये वन क्षेत्र में अवैध कार्यों को बढ़ावा देने में वन माफियाओं को सहयोग भी करते रहे हैं।

## धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जगह-जगह भंडारे का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड समेत ग्रामीण इलाकों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का धूमधाम से मनी। सोमवार की देर रात विधि विधान से जन्म के बाद नंदलाल की लोगों ने पूजा अर्चना की। उन्हें पालने पर झुलाया, सोहर भी गाए। सुबह से ही विभिन्न देवालयों में जन्माष्टमी पूजन की तैयारी चल रही थी। पालना सजाया जा रहा था। मंदिरों में आकर्षक तरीके से फूल माला व विद्युत सज्जा की गई थी। शहर में श्री राम दरबार, पंचमुखी हनुमान मंदिर, बुध बाजार स्थित शिव मंदिर,थाना टोली शिव मंदिर, देवी मंडप चंदवा, देवी मंडप अलौदिया, शिव मंदिर प्रखंड कॉलोनी समेत अन्य स्थानों पर जन्माष्टमी पूजन की विशेष तैयारी की गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी देवालयों में श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। कई घरों में भी श्री कृष्ण के जन्म की तैयारी की गई थी। रात्रि 12 बजते ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ लोगों ने जय घोष किया। इसके बाद सोहर गाए। मध्य रात्रि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद महाआरती की गई। इसके उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया। इधर देवीमण्डप पूजा समिति के ओर से मंगलवार को महाभंडारा का आयोजन किया गया था। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

### बौधाडीह पंचायत भवन में चोरी, लाखों का समान गायब

**कुन्दा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के अंतगर्त बौधाडीह पंचायत भवन में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने कमरे से प्रिंटर, आधार मोर्फो, चार्जर, लैपटॉप समेत अन्य उपकरण गायब कर दिए हैं। ऑपरेटर ने बताया कि चोरी में करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पंचायत भवन में इस तरह की चोरी की घटना से लोगों में आक्रोश है। चोरी की घटना की सूचना ऑपरेटर को तब हुई जब वह निर्धारित समय पर पंचायत भवन पहुंचा तो सबसे पहले पाया कि पंचायत भवन गेट का ताला टूटा है। अंदर जाकर देखा तो पता चला कि आधार बनाने वाले सभी उपकरण समेत अन्य उपकरण गायब है। ऑपरेटर ने इसकी सूचना सर्वप्रथम प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती को दिया। सूचना पाकर प्रमुख प्रतिनिधि व संबंधित पंचायत क्षेत्र के मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव पंचायत भवन पहुंचे तो पता चला की पंचायत भवन का गेट का ताला टूटा है। बाद में सूचना कुंदा पुलिस को दी गई।

## झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा ने रामेश्वर उरांव को सौंपा ज्ञापन



**लातेहार।** झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा के आह्वाहन पर आज 16 वें दिन भी लातेहार जिला इकाई द्वारा राज्य के शिक्षा विभाग अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय मुफस्सिल कार्यालय एवं सरकारी माध्यमिक विद्यालय प्लस टू सहित लिपिकों का नियुक्ति तिथि से ग्रेड वेतन 2400 एवं एक समान प्रोन्नति व सेवा शर्त की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हतड़ताल जारी है। यह हड़ताल 12 अगस्त से दो सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा है। आज इसी के निमित वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव व मनिका विधायक रामचंद्र राम को परिसदन में मोर्चा के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर मंत्री रामेश्वर उरांव के द्वारा लिपिकों को आश्वासन दिया गया कि आप लोगो की मांग हम जल्द से जल्द पूरा कराने का प्रयास करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कुमार गौरव, विजय कुमार, ब्रजकिशोर ठाकुर, रोहित कुमार, मिथिलेश कुमार, संजय कुमार यादव, संजय मड़की, , रोशनदान मिंज, राहुल कुमार, शुभम कुमार, तौफीक अहमद अनुज बड़ा, आदि दर्जनों लिपिक मौजूद थे।

## जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतिभा है तो मेहनत करते रहें, सफलता जरूर मिलेगी : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिला स्तरीय खेलों झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का मंगलवार को आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त रमेश घोलप शामिल होकर विधिवत जिला स्तरीय खेलों झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, जिला ओलंपिक संघ चतरा के सचिव राकेश कुमार सिंह मंत्री प्रतिनिधि जितेंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत खेलो झारखंड के झंडोतोलन कर किया गया, तत्पश्चात कस्तूरबा विद्यालय चतरा की छात्राओं द्वारा सुंदर स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया गया तथा अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आए हुए खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा मसाल प्रज्वलित कर प्रखंड के सभी कप्तान द्वारा मैदान का चक्कर लगाया गया एवं शपथ लिया गया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता 27 अगस्त से 3 सितम्बर तक चलेगा। जिसमें मुख्यतः एथलेटिक्स ,फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, खो खो, वालीबॉल, क्रिकेट ,उसु, चेस ,बैंड , योगा आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त श्री घोलप ने प्रखंड के विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए अपने संबोधन में कहा आज आप सभी खिलाड़ी प्रखंड से जीतकर जिलास्तर पर पहुंचे हैं। खेलो झारखंड के माध्यम से वैसे बच्चे जो सुदुरवर्ती क्षेत्र से है उन्हें आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता है। उन्हें आगे बढ़ने का अच्छा मौका है, मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि चतरा जिला निश्चित रूप से अपना जौहर दिखाकर जिले का नाम रौशन करेगा। आप सभी से उम्मीद है कि आपलोग के अंदर भी खेल से संबंधित प्रतिभा है तो मेहनत करते रहिए सफलता जरूर मिलेगी। जिप उपाध्यक्ष ने कहा चतरा जिला खेल कूद कार्यक्रम में पूर्व से ही आगे रहा है यही कारण है कि विभिन्न खेलों में आज हमारा जिला कई जिला से आगे है। उप विकास आयुक्त ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा योजना से खेल का मैदान प्रत्येक पंचायत में बनाया जा रहा है तथा खेल को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को अंडर 14 बालिका फुटबॉल का शुरूआत टंडवा बनाम सिमरिया के बीच मैच से हुआ। जिसमें टंडवा 3-0 से विजय रहा। दूसरा मैच चतरा बनाम कुंदा के बीच हुआ, जिसमें चतरा 1-0 से व तीसरा मैच गिद्धौर बनाम हंटरगंज के बीच हुआ जिसमें गिद्धौर 3-0 से व चौथा मैच लावालौंग बनाम इटखोरी के बीच हुआ जिसमें लावालौंग विजय हुआ। क्वार्टर फाइनल मैच कान्हाचट्टी एवं टंडवा के बीच हुई, जिसमें टंडवा की टीम विजय रही। दूसरा क्वार्टर फाइनल चतरा बनाम मयूरहण्ड के बीच खेला गया। मयूरहण्ड पेनाल्टी शूटआउट में विजय हुई, सेमीफाइनल मैच गिद्धौर बनाम लावालौंग के बीच खेला गया।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने नाबालिग युवती के पिता समेत दो भाइयों को भेजा जेल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरक गांव में प्रलोभन देकर नाबालिग युवती से शादी करने पहुंचे हरियाणा निवासी दो सगे भाइयों समेत युवती के पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर चाइल्ड मैरिज प्रोहिबिशन एक्ट दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। यह जानकारी पुलिस ने प्रेस बयान जारी कर दी है। बताते चलें कि हरियाणा निवासी कुलबीर सिंह उम्र करीब 30 वर्ष व सत्यनारायण सिंह उम्र करीब 42 वर्ष दोनों पिता सुबेर सिंह ग्राम केलरम थाना व जिला कैथल (हरियाणा) चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरक गांव में पैसों का प्रलोभन देकर नबालिक से शादी करने पहुंचे थे।

### प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मना कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजार स्थित शिव मंदिर को विद्युत सज्जा व फूल माला से आकर्षित ढंग से सजाया गया है। मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पूजा को लेकर संध्या से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था एवं श्रद्धालु पूजा कर देर रात्रि में अपने अपने घर वापस लौटे। जन्माष्टमी पूजा को लेकर रात भर मंदिर गुलजार रहा। रात्रि के 12 बजे जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हुआ। उसके बाद रात भर भजन और सोहर गीत चलता रहा। जन्माष्टमी पूजा को लेकर बाजार में चहल पहल काफी बढ़ गया था। बाजार में जिधर भी नजर उठाकर देखा गया उधर ही श्रद्धालु पूजा से संबंधित पूजा सामाग्री और फल-फूल खरीदते नजर आये। फल दुकान में फल की खरीददारी करने के लिए लोगो की होड़ लगी थी। श्रद्धालु इस पूजा को लेकर सुबह से ही तैयारी में जुट गये थे।

### 20 सूत्री की बैठक में नहीं पहुंचे कई विभाग के कर्मी

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक आहूत किया गया था, परंतु बैठक में अधिकतर विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे। यहां तक की प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव प्रशिक्षण को लेकर रांची में रहने की बात कही। समिति के अध्यक्ष के साथ-साथ सदस्यों ने दुःख व्यक्त किया। कहा कि जब बैठक नहीं करना था तो बैठक स्थगित करने का पत्र जारी क्यों नहीं किया गया। बैठक में भाग लेने को लेकर 27 विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजी गई थी। परंतु 27 विभाग के अधिकारियों में मात्र छह विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। शेष 21 विभाग के कर्मी बैठक में नहीं पहुंचे। वैसे में निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए अगले तिथि तक बैठक स्थगित कर दिया गया।

### गांगपुर-पथलगड्डा सड़कबंद, आधा दर्जन गांवों के लोगों का आवागमन ठप

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के गांगपुर से मारंगी तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सुदृढ़ीकरण सह मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। सुदृढ़ीकरण सह मरम्मती का कार्य चतरा के सहाय कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है। संवेदक द्वारा गांगपुर के चेलों नदी व लबानी नदी के साथ-साथ अन्य जगहों पर छोटी-बड़ी पुल पुलिया का निर्माण भी किया जा रहा है। वैसे में ग्रामीणों व यात्री वाहनों के आवागमन करने को लेकर डायवर्सन अर्थात पहुंच पथ बनाया गया था। परंतु वर्षा के कारण बनाया गया पहुंच पथ बह गया। जिसकी सूचना संवेदक के साथ-साथ विभाग को दिया गया। परंतु आज तक डायवर्सन अर्थात पहुंच पथ नहीं बनाया गया है। वैसे में ग्रामीणों के साथ-साथ यात्रियों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की आवागमन पूरी तरह से ठप पड़ गया है।जबकि अनजाने में कई दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। बताया जाता है कि इस सड़क से इटखोरी,पत्थलगड्ढा, सिमरिया, गिद्धौर,कटकमसांडी सहित अन्य प्रखंडों के यात्री वाहन के साथ-साथ दर्जनों गांव के ग्रामीणों का आवागमन रहता है।उक्त सड़क से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है।ग्रामीणों ने उपायुक्त व विभाग से पहुंच पथ बनवाने के साथ संवेदक पर कारवाई करने की मांग किया है।

### धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भजन कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा।** जिल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बीते देर रात बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिरों, घरों, पुलिस लाइन, थाने में भी जनमाष्टमी के अवसर पर भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय रहा। रात 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो क्षेत्र नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, भजन से गूंज उंठा। विभिन्न प्रखंडों में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। जहां लोग भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। इस दौरान महिलाएं भजन कीर्तन में मशगूल रहें। जैसी ही रात 12 बजे तो श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। इसी के साथ महिलाएं सोहर, बधाइयों गाने लगी। फिर महाआरती के बाद गोपाल को पंचामृत से अभिषेक कर पंजीरी आदि का भोग लगाया गया। वहीं चतरा पुराना बस स्टैंड स्थित गंदौरी मंदिर में एक दिवसीय शास्त्रीय संगीत एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें शास्त्री संगीत कलाकर साक्षी प्रिया दुबे एवं उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक संगीत एवं भजन की सुंदर प्रस्तुति दी । साक्षी प्रिया अपने जिले की बेटी सुदंर प्रस्तुति पर लोग अहले सुबह तक झुमे। साथ ही प्रिया के प्रस्तुति की सभी सराहना की। वहीं दूसरी कई जगहों पर बालक श्रीकृष्ण तो बालिकाएं राध की वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कई जहत दही हांड़ी कांक्रम का भसी आयोजन किया गया था।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से ग्रामीण महिलाओं में उत्साह

**गारू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना ने राज्य के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगा दी है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का वादा किया गया था। सरकार ने अपने इस वादे को निभाते हुए प्रथम किस्त के रूप में महिलाओं के बैंक खातों में एक-एक हजार रुपये भेज दिया है। योजना से विशेष रूप से गरीब और पिछड़े वर्ग की महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आर्थिक सहायता से उनका जीवन यापन आसान हो जाएगा। कई महिलाओं ने इस योजना को उनके परिवार के लिए जीवनदान बताया है।

### मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर जाने से कार्य प्रभावित

**मयूरहंड (चतरा)।** मनरेगा कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के कारण मनरेगा योजना पर मयूरहंड प्रखंड में पूर्ण रूप से ताला लग गया है। जिसके कारण मजदूरों को रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। रोजगार के अभाव में मजदूर पलायन करने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं मनरेगा कर्मचारी के हड़ताल पर जाने के दिन से मजदूरों द्वारा किया गया कार्य के बदले मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। मजदूरी के भुगतान के अभाव में मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मजदूर अपने बच्चों व परिवार के भरण पोषण के लिए दूसरे प्रदेश में मजदूरी करने के लिए विवश हैं। जबकि जिला प्रशासन द्वारा मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए संबंधित पंचायत सचिव व 15 वीं वित्त कनीय अभियंता को अधिकृत किया गया है,ताकि मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ससमय मजदूरी का भुगतान किया जा सके। बावजूद प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन बंद रहने के साथ मजदूरों द्वारा की मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। दिखावे के लिए सिर्फ आवास निर्माण कार्य में जुड़े लाभुकों को भुगतान की जा रही है।

# टेस्ट टीम में वापसी करना चाहते हैं भारत के 'मिस्टर 360'



**सूर्यकुमार** *ने मुंबई के ट्रेनिंग सेशन के बाद कहा, काफी लोगों ने अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत की है और मैं भी इस जगह को दोबारा हासिल करना चाहता हूं।*

### सूर्यकुमार के आंकड़े

**82** प्रथम श्रेणी मैच में

43.62 की औसत से बनाए हैं

**5628** रन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टी20 फॉर्मेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाज और टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, इन दिनों घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। बुची बाबू टूर्नामेंट के बाद सूर्यकुमार दलीप ट्रॉफी भी खेलेंगे। इस बीच उन्होंने भारत के लिए लाल गेंद क्रिकेट में वापसी करने की अपनी ख्वाहिश जाहिर की। हालांकि, वह खुद भी यह मानते हैं कि यह उतना आसान नहीं होने वाला है। टी20 फॉर्मेट में अपनी धाक साबित कर चुके सूर्यकुमार अन्य दोनों फॉर्मेट में टीम में सेट नहीं हो पा रहे। उन्हें बार-बार मौका जरूर मिला है, लेकिन वह इसको भुनाने में सफल नहीं रहे हैं। मुंबई के ही सरफराज खान और श्रेयस अय्यर के अलावा केएल राहुल और रजत पाटीदार टेस्ट टीम में जगह बनाने के मामले में सूर्यकुमार से आगे हैं। लेकिन सूर्यकुमार घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन कर भारतीय टीम में वापसी करना चाहते हैं।

बुची बाबू टूर्नामेंट खेलने कोयंबटूर पहुंचे सूर्यकुमार ने मुंबई के ट्रेनिंग सेशन के बाद कहा, काफी लोगों ने अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत की है और मैं भी इस जगह को दोबारा हासिल करना चाहता हूं। मैंने टेस्ट में इंडिया के लिए डेब्यू किया था, इसके बाद मैं चोटिल भी हो गया। बहुत लोगों को मौके भी मिले और उन्होंने अच्छा भी किया है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के मुताबिक सूर्यकुमार ने कहा, अगर मेरी जगह बनती है तो मुझे भी मौका मिलेगा, लेकिन यह मेरे हाथ में नहीं है। मेरे बस में सिर्फ इतना है कि मैं बुची बाबू और दलीप ट्रॉफी में प्रदर्शन करूं और अपनी बारी का इंतजार करूं। इस समय सूर्यकुमार बुची बाबू टूर्नामेंट का हिस्सा बनने कोयंबटूर पहुंचे हैं, जिसके बाद वह दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए अनंतपुर का रुख करेंगे। सूर्यकुमार, ऋतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली इंडिया 'सी' टीम का हिस्सा हैं। सूर्यकुमार ने कहा, लाल गेंद क्रिकेट हमेशा से मेरी प्राथमिकता रही है। जब मैं बड़ा हो रहा था, उसी दौरान मुंबई के मैदानों में खेलते हुए लंबे प्रारूप की क्रिकेट के प्रति मेरा लगाव बढ़ता गया। मैंने पिछले 10 वर्षों में काफी प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेली है। मैं हमेशा मुंबई के लिए खेलने के लिए मिलने वाले अवसर का लाभ उठाना चाहूंगा, चाहे वो बुची बाबू या दलीप ट्रॉफी हो। काफी खिलाड़ियों ने इन टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है और आगे चलकर उन्हें देश के लिए खेलने का मौका मिला है।

### दलीप ट्रॉफी

### सिराज, जडेजा पहले दौर के लिए इंडिया बी टीम से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया बी टीम से रिलीज कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घोषणा की। सिराज बीमारी के कारण पहले दौर में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज उमरान मलिक, जो इंडिया सी का हिस्सा थे, भी एक्शन में नहीं होंगे।

## ओलंपिक मेडल जीतने के लिए खिलाड़ियों में मानसिक मजबूती का होना जरूरी : जीव मिल्खा सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक अभियान के समापन के बाद भारतीय एथलीटों को 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियां करनी हैं। भारत के दिग्गज धावक मिल्खा सिंह के समय से बाद से अब तक भारतीय एथलेटिक्स का परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया है। भारत की झोली में कई ओलंपिक मेडल आए भी हैं लेकिन कुछ इवेंट ऐसे हैं जहां भारत के लिए पदक दूर की कौड़ी साबित हुआ है। उनमें एक इवेंट है- गोल्फ।

मिल्खा सिंह के बेटे और भारत के



दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि भारत को ओलंपिक गोल्फ में मेडल तभी मिलेगा जब खिलाड़ी मानसिक तौर पर बहुत मजबूत होगा। लेकिन ओलंपिक में उस सप्ताह जिसका बल्ला चल गया वह मेडल जीत जाता है। मिल्खा सिंह के समय के बाद से एथलेटिक्स में आए बदलाव, नीरज चोपड़ा द्वारा गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने से आए बदलावों पर बात करते हुए जीव मिल्खा सिंह ने कहा,जब पापा ने एथलेटिक्स शुरू किया था, तब कुछ भी नहीं था। उनको तो केवल भारत का ब्लेजर पहनना था।

# दुबई में खेला जाएगा भारत-पाक मुकाबला और फाइनल मैच

### आईसीसी ने जारी किया संशोधित महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार रात आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिए हैं। दुबई 6 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले और 20 अक्टूबर को 18 दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी भी करेगा। बांग्लादेश के लिए चल रहे राजनीतिक संकट के कारण टूर्नामेंट की मेजबानी करना असंभव हो गया था, जिसके बाद टूर्नामेंट को यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था। अन्य मेजबान शहर शारजाह 13 अक्टूबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले की मेजबानी करेगा, यह एकमात्र लीग मैच है जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम दुबई से बाहर खेलेगी। शारजाह 18 अक्टूबर को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी भी करेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है, तो वे 17 अक्टूबर को दुबई में पहला सेमीफाइनल खेलेंगे। समूह पहले की तरह ही बने हुए हैं, जिसमें छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका ग्रुप ए में हैं।



### संशोधित कार्यक्रम

- **3 अक्टूबर** गुरुवार बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड शारजाह
- **3 अक्टूबर** गुरुवार पाकिस्तान बनाम श्रीलंका शारजाह
- **4 अक्टूबर** शुक्रवार दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज दुबई
- **4 अक्टूबर** शुक्रवार भारत बनाम न्यूजीलैंड दुबई
- **5 अक्टूबर** शनिवार बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड शारजाह
- **5 अक्टूबर** शनिवार ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका शारजाह
- **6 अक्टूबर** रविवार भारत बनाम पाकिस्तान दुबई
- **6 अक्टूबर** रविवार वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड दुबई
- **7 अक्टूबर** सोमवार इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका शारजाह
- **8 अक्टूबर** मंगलवार ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड शारजाह
- **9 अक्टूबर** बुधवार दक्षिण अफ्रीका बनाम स्कॉटलैंड दुबई
- **9 अक्टूबर** बुधवार भारत बनाम श्रीलंका दुबई
- **10 अक्टूबर** गुरुवार बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज शारजाह
- **11 अक्टूबर** शुक्रवार ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान दुबई
- **12 अक्टूबर** शनिवार न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका शारजाह
- **12 अक्टूबर** शनिवार बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका दुबई
- **13 अक्टूबर** रविवार इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड शारजाह
- **13 अक्टूबर** रविवार भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया शारजाह
- **14 अक्टूबर** सोमवार पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड दुबई
- **15 अक्टूबर** मंगलवार इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज दुबई
- **17 अक्टूबर** गुरुवार सेमीफाइनल 1 दुबई
- **18 अक्टूबर** शुक्रवार सेमीफाइनल 2 शारजाह
- **20 अक्टूबर** रविवार फाइनल दुबई

## नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में



**न्यूयॉर्क।** मौजूदा चैंपियन नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पहले दौर के मैच में मोल्दोवा के क्वालीफायर राडू अल्बोट को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया। उन्होंने अमेरिकी ओपन में 89वां मैच जीत कर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की कवायद में हैं।

जोकोविच का अगला मुकाबला सर्बिया के उनके हमवतन लास्लो जेरे से होगा जिन्होंने जान लेनार्ड स्ट्रफ पर 6-7 (7), 6-1, 6-7 (7), 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। ??एक साल पहले जोकोविच अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में जेरे से पहले दो सेट हार गए थे लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करके पांच सेट में यह मुकाबला जीता था। गॉफ ने सोमवार को यहां पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया। गॉफ हाल में खराब फॉर्म से जूझ रही थी लेकिन यहां उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के बाद कहा, ह्यपिछले कुछ सप्ताह मुश्किल भरे थे। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी लेकिन मुझे अपने अलावा किसी के सामने कुछ साबित नहीं करना है।'

### इंग्लैंड ने महिला टी20 विश्वकप के लिए घोषित की टीम

## बेस हीथ, फ्रेया केम्प डेनिएल गिब्सन नए चेहरे

**एजेंसी। लंदन**



इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) अक्टूबर में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले महिला टी20-विश्व कप के लिए इंग्लिश टीम की घोषणा कर दी है। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज बेस हीथ, ऑलराउंडर फ्रेया केम्प और डेनिएल गिब्सन नया चेहरा हैं। हीथर नाइट चौथी बार टी20 वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करेंगी।

टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम में कम से कम 12 सदस्य दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 2023 टी20 विश्व कप में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे। लॉरेन विनफील्ड-हिल, केट क्रॉस और कैथरीन साइवर-ब्रंट (सेवानिवृत्त) तीन ऐसी खिलाड़ी हैं जो 2024 बैच का हिस्सा नहीं हैं। गिब्सन 2023 में टीम के साथ थीं, लेकिन केवल एक यात्रा रिजर्व के रूप में। टीम को लेकर पर कप्तान नाइट ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में शामिल होने के लिए विश्व कप हमेशा विशेष आयोजन होते हैं और यूएई में कार्यभार संभालने के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे मैं वास्तव में उत्साहित हूं।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बेयरस्टो

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली और क्रिस जॉर्डन को अपनी व्हाइट-बॉल टीम से बाहर कर दिया है। ये तीनों हाल ही में टी20 विश्व कप में सेटअप का हिस्सा थे, जहां इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत से हार गया था। इनके बाहर होने से टी20कटीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल, डैन मूसली, जोश हल और जॉन टर्नर को जगह मिली है, इन सभी ने घरेलू सर्किट में विभिन्न स्तरों पर प्रभावित किया है।



इंग्लैंड के नियमित व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर और प्रीमियर पेसर जोफ्रा आर्चर भी एक्शन में वापस आएंगे। बटलर कॉल्फ की चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं, जिसके कारण वे द हंड्रेड के पूरे सत्र से बाहर रहे, जबकि आर्चर, जिनके कार्यभार पर सदर्न ब्रेव के लिए नजर रखी गई थी, मार्च 2023 के बाद से अपना पहला वनडे खेलने के लिए तैयार हैं।

कॉक्स का चयन सबसे ज्यादा पूवार्नुमानित था, क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज की गतिशीलता शीर्ष क्रम में है। वह इंग्लैंड के घरेलू व्हाइट-बॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं, चाहे वह टी20 ब्लास्ट हो या द हंड्रेड। जोश हल का बाएं हाथ का कोण और हिट-द-डेक क्षमता उन्हें एक एक्स-फैक्टर बनाती है जबकि जॉन टर्नर ने द हंड्रेड के दौरान अपनी गति और जोश से सभी को प्रभावित किया।

### पहले दौर में हारकर बाहर हुए सुमित नागल

**नई दिल्ली।** पुरुष एकल वर्ग में भारत के सर्वोच्च वरीयता प्राप्त पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल मंगलवार को नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर से हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए हैं। नागल को अपने से कहीं बेहतर रैंकिंग वाले एथलीट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-1, 6-3, 7-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में डच खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा बनाया और नागल की सर्विस कई बार तोड़ी और 6-1 से जीत दर्ज की। दुनिया में 40वें नंबर के ग्रिक्सपूर किसी भी तरह से एक्सीलेटर से अपना पैर हटाने के मूड में नहीं थे और उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को बैकफुट पर ही रखा।

## स्मृति मंधाना ने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ प्री-ड्राफ्ट विदेशी अनुबंध पर किया हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) प्री-ड्राफ्ट विदेशी अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं और आगामी सत्र के लिए मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स में शामिल होंगी। स्ट्राइकर्स चौथी टीम होगी जिसका प्रतिनिधित्व मंधाना प्रतियोगिता के 10 साल के इतिहास में करेंगी। बाएं हाथ की यह खिलाड़ी इससे पहले ब्रिसबेन हीट (2016-17), होबार्ट हरिकेंस (2018-19) और सिडनी थंडर (2021) के लिए खेल चुकी हैं। भारतीय उप-कप्तान ने कार्यभार प्रबंधन के कारण डब्ल्यूबीबीएल 2022 से बाहर होने का विकल्प चुना था और फिर 2023 संस्करण से पहले उद्घाटन खिलाड़ी के मसौदे से बाहर होकर भारत के घरेलू सत्र में भाग लेने का विकल्प चुना था।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# तीन वर्षों में दुर्लभ बीमारियों का बजट शून्य से बढ़कर 82 करोड़ : स्वास्थ्य मंत्रालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के डॉ. एल स्वस्तिचरण ने मंगलवार को कहा कि पिछले तीन सालों में दुर्लभ बीमारियों के लिए भारत का बजट शून्य से बढ़कर 82 करोड़ रुपये हो गया है।

दुर्लभ बीमारियां ऐसी स्थितियां हैं, जिनमें प्रति 100,000 जनसंख्या पर 100 से कम मरीज होते हैं। दुनिया भर में 350 मिलियन से अधिक लोग और भारत में लगभग 20 में से 1 लोग इस स्थिति से प्रभावित हैं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अतिरिक्त डीडीजी डॉ. एल स्वस्तिचरण ने कहा कि सरकार ने मरीजों के इलाज में सहायता के लिए एक दुर्लभ रोग कोष भी स्थापित किया है। 2022-23 में, हमने 203 मरीजों को 35 करोड़ रुपये की सहायता दी थी। 2023-24 में यह



बढ़कर 74 करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष में, इसके लिए 82.4 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। इसमें से 34.2 करोड़ रुपये पहले ही वितरित किए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि यह भी पर्याप्त नहीं है, क्योंकि हम किसी भी मरीज को नजरअंदाज नहीं करना चाहते। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय एसएमए पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक विशेष तकनीकी विशेषज्ञ समूह की स्थापना पर सक्रिय रूप से विचार कर रहा है।

स्वस्तिचरण ने गैर-लाभकारी क्योर एसएमए फाउंडेशन ऑफ इंडिया से गुरुग्राम में आयोजित स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2024' में यह बात कही। एसएमए एक दुर्लभ और आनुवंशिक रूप से विरासत में मिली न्यूरोमस्कुलर बीमारी है, जो रीढ़ की हड्डी में मोटर तंत्रिका कोशिकाओं को प्रभावित करके लोगों की शारीरिक शक्ति को छीन लेती है। उन्होंने कहा कि यदि हम एसएमए की चुनौती को सफलतापूर्वक हल कर सकते हैं, तो उस मॉडल को देश में अन्य दुर्लभ बीमारियों के लिए भी उपयोग किया जा सकता है।"स्वास्तिचरण ने भारत में दुर्लभ बीमारियों की चुनौती से निपटने के लिए सरकार और चिकित्सा समुदाय के बीच तालमेल की भी बात कही। उन्होंने कहा कि ₹हमारे पास दुर्लभ बीमारियों के लिए एक राष्ट्रीय नीति है और सूची में ऐसी बीमारियों को शामिल करने के लिए एक तंत्र है। चिकित्सा समुदाय को आगे आना चाहिए और सरकार को प्राथमिकता वाली बीमारियों की पहचान करने में मदद करनी चाहिए। हमें मरीजों के लिए दवाएं और सस्ती बनाने की जरूरत है।"

## ग्रामीण इलाकों में विद्युतीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से जिला स्तर पर बढ़ रही खपत


**नई दिल्ली।** देश में ग्रामीण इलाकों में विद्युतीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होने से जीवन स्तर की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। वहीं, देश में 5 लाख रुपये से ज्यादा की आय अर्जित करने वाले 60 प्रतिशत परिवार शीर्ष 20 प्रतिशत जिलों (150) में रहते हैं। एक रिपोर्ट में मंगलवार को जानकारी दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि देश के ग्रामीण इलाकों में विद्युतीकरण पिछले चार वर्षों में 17 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गया है। इससे देश की अर्थव्यवस्था और इन इलाकों में जीवन स्तर की गुणवत्ता को बढ़ाने में सफलता मिली है। स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी सुधार देखने को मिला है। देश में प्रति हजार लोगों पर स्वास्थ्य सुविधाओं की संख्या 263 से बढ़कर 903 हो गई है। मैपमायइंडिया द्वारा समर्थित एआई-संचालित डेटा एनालिटिक्स और कंसल्टेंसी कंपनी क्लैरिटीएक्स की रिपोर्ट में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 788 जिलों में उच्च खपत वाले बाजारों के बारे में बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि सभी सेक्टर में बहुआयामी वृद्धि देखने को मिली है। इसकी वजह इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास होना, डिजिटलाइजेशन का आना और स्टार्टअप इकोसिस्टम का बढ़ना है। रिपोर्ट में सभी 788 जिलों को उनके सामाजिक-आर्थिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता, वित्तीय और मोबिलिटी और कई अन्य कारकों के आधार पर रैंक किया गया है, जिसमें पिछले चार वर्षों में इन जिलों में हुए विकास को शामिल किया गया है।

# टेलीकॉम सेक्टर की भर्तियों में हो सकती है 5.62 प्रतिशत की बढ़त

**एजेंसी। बेंगलुरु**

देश में टेलीकॉम, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर (आईएसपी) और इससे जुड़ी इंडस्ट्री में चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रोजगार 5.62 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इसकी वजह टेलीकॉम सेक्टर में मजबूत वृद्धि दर का होना है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में देश में टेलीकॉम, आईएसपी और उससे जुड़े हुए इंडस्ट्री के 62 प्रतिशत प्लेयर कर्मचारी बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। वहीं, 17



प्रतिशत इंडस्ट्री प्लेयर अपने कर्मचारियों की संख्या में कमी करना चाहते हैं। 21 प्रतिशत अपने कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं करना चाहते हैं। टीमलीज सर्विसेज की रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में 57 प्रतिशत, बेंगलुरु और चेन्नई में 53 प्रतिशत नियोक्ता अपने कर्मचारियों की संख्या में इजाफा करना चाहते हैं। वहीं, हैदराबाद और भोपाल में यह आंकड़ा 20 प्रतिशत और जयपुर एवं वडोदरा में 19 प्रतिशत का है। टीमलीज सर्विसेज के सीएसओ-स्टाफिंग सुब्बुराथिनम पी ने कहा कि इस सेक्टर में नियुक्तियां बढ़ रही है। 62 प्रतिशत नियोक्ता अपने वर्कफोर्स बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। इसकी वजह क्लाउड कम्प्यूटिंग, रोबोटिक्स, एआई और ब्रॉडबैंड का बढ़ना है। रिपोर्ट में कहा गया है इंस्टॉलेशन इंजीनियर, फाइबर रिपेयर एग्जीक्यूटिव और सेल साइट रिपेयर स्टाफ शामिल हैं।

### बुलियन मार्केट में बढ़ा खरीदारों का रुख

**नई दिल्ली।** बजट में इंपोर्ट ड्यूटी कम होने का असर सोने की खरीदारी पर अब साफ-साफ नजर आने लगा है। कस्टम ड्यूटी कम होने के बाद से गोल्ड मार्केट में सोने की खरीद में तुलनात्मक रूप से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। सोने की खरीदारी तेज होने के कारण सोने की कीमत पर भी असर पड़ने की संभावना बन गई है। फेस्टिव सीजन शुरू होने के पहले ही सरार्फा बाजार में सोने के जेवरात की मांग में काफी तेजी आ गई है, जिसके कारण सोना एक बार फिर अपने शिखर की ओर बढ़ता हुआ नजर आने लगा है।

### सपाट स्तर पर बंद हुआ बाजार, निवेशकों ने कमाए 82 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। आज के कारोबार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार लुढ़क कर लाल निशान पर पहुंच गया लेकिन खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर शेयर बाजार की चाल तेज हुई। निफ्टी आज अपने ऑल टाइम हाई लेवल के काफी करीब पहुंचने के बाद गिरावट का शिकार हो गया।

# कोविड के लिए इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स की नेजल वैक्सीन होगी गेमचेंजर

**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली**

हैदराबाद स्थित इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स कंपनी सुई-मुक्त कोविड-19 वैक्सीन बनाने पर काम कर रही है। एक शोध में यह बात सामने आई है कि यह कोविड संक्रमण के खिलाफ बड़ा गेम चेंजर साबित होगी। ऑस्ट्रेलिया के ग्रिफिथ विश्वविद्यालय की एक टीम के नेतृत्व में किए गए शोध में नाक के रास्ते से दी जाने वाली कोविड वैक्सीनेशन - सीडीओ-7एन-1 की प्रभावशीलता की जांच की गई। ग्रिफिथ के बायोमेडिसिन और ग्लाइकोमिक्स संस्थान के प्रोफेसर सुरेश महालिंगम ने कहा, यह एक लाइव अटैंयूएटेड इंट्रानेजल वैक्सीन है, जिसे सीडीओ-7एन-1 कहा जाता है, जिसे इंट्रानेजल रूप से देने के लिए तैयार किया गया है। इसकी एक खुराक ही म्यूकोसल इम्युनिटी के साथ-साथ इम्यूनिटी सिस्टम को भी मजबूत कर सकती है। नेचर कम्युनिकेशन्स पत्रिका में प्रकाशित शोध से पता चला है कि यह वैक्सीन एक वर्ष या उससे अधिक समय तक दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। महालिंगम ने कहा, "इसे सिंगल डोज के रूप में डिजाइन किया गया है। यह बूस्टर वैक्सीन के तौर पर ज्यादा इस्तेमाल की जा सकती है और इसके कोई प्रतिकूल प्रभाव भी नहीं हैं।" इस वैक्सीन के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं। इम्यूनिटी पर इसके प्रभाव मजबूत और स्थायी हैं।

## राज्य सरकार से झारखंड हाईकोर्ट ने पूछा

# शैक्षणिक संस्थानों और मंदिरों के निकट से शराब दुकानें कब होंगी बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में राज्य में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम पर मंगलवार को कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पुलिस की स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने मौखिक कहा कि इसमें भविष्य में राजधानी रांची में मंदिरों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के निकट खुदरा शराब दुकानों एवं बार-रेस्टोरेंट को लाइसेंस नहीं देने की बात कही गई है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि मंदिरों एवं शिक्षण संस्थानों के निकट संचालित बार-रेस्टोरेंट और खुदरा शराब दुकानों के लाइसेंस रद्द करने लिए क्या किया जाएगा?

राज्य सरकार बताए कि मंदिर एवं शिक्षण संस्थान के निकट जो बार एवं रेस्टोरेंट और खुदरा शराब दुकान खुले हैं उन्हें कब बंद किया जाएगा? कोर्ट ने कहा कि पुलिस की एसओपी केवल आईवाश वाली नहीं होनी चाहिए। देर रात तक बार-रेस्टोरेंट के खुले रहने से पिछले दिनों भी एक अपराधिक घटना घटी थी। बार-रेस्टोरेंट में मारपीट एवं हत्या की घटनाएं होती रही हैं। कानून व्यवस्था पुलिस के जिम्मे में है। ऐसे में सख्त कदम उठाकर बार-रेस्टोरेंट को निर्धारित समय में बंद कराकर वहां हिंसा की घटनाओं को रोका जा सकता है।

मामले में एमिकस क्यूरी ने पुलिस के एसओपी पर प्रति उत्तर के लिए समय देने का आग्रह किया, जिस पर कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त को निर्धारित की है। इससे पहले पुलिस की ओर से बार एवं रेस्टोरेंट के साथ मादक पदार्थों की बिक्री एवं अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम को लेकर एसओपी प्रस्तुत किया गया था। उल्लेखनीय है कि खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है।



### झालसा के भवन निर्माण में देर क्यों?

झारखंड हाईकोर्ट की सुरक्षा से संबंधित कई जनहित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने मंगलवार को झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) की हाई कोर्ट के निकट बनने वाले भवन के निर्माण में देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान मौखिक कहा कि वर्ष 2018 में इस भवन के निर्माण के लिए 48 करोड़ रुपये की टेक्निकल स्वीकृति दी गई थी, जो वर्ष 2024 में 57 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह झालसा के नए भवन को बनाने के लिए मे देरी क्यों कर रही है जबकि इसके लिए जमीन भी सरकार की ओर आवंटित कर दी गई है और जमीन की घेराबंदी भी हो चुकी है। निर्माण में देरी करने से लागत राशि में बढ़ोतरी होती है। कोर्ट ने कहा कि झालसा के नए भवन बनने में छह वर्षों की देरी हो चुकी है, जो पैसे खर्च होंगे जनता की कमाई के पैसे हैं। साथ ही कहा कि यदि राज्य सरकार की ओर से कारण स्पष्ट नहीं किया गया तो मुख्य सचिव को भी कोर्ट में बुलाया जा सकता है। झालसा के पुराने भवन में मेडिएशन सेंटर, ऑडिटोरियम जैसे कई आधारभूत संरचना की कमी है। राज्य के सिविल कोर्ट सुरक्षा एवं आधारभूत संरचना के संबंध में खंडपीठ ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने काउंसिल से पूछा है कि जिलों के बार भवन मे सुरक्षा की क्या-क्या कमी है और कहां-कहां भवन बनाने की जरूरत है, इन सारे विषयों पर जवाब दाखिल करें। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी आवंटित फंड के संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## डीजीपी ने महिलाओं की सुरक्षा पर समीक्षा बैठक की, कहा

# संस्थान के प्रबंधन से संपर्क कर सीसीटीवी लगवाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीजीपी ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, कॉलेज की छात्राओं एवं स्कूली बच्चियों की सुरक्षा की समीक्षा करते हुये कई दिशा-निर्देश दिये। डीजीपी ने सभी एसपी को उनके क्षेत्राधीन मेडिकल कॉलेज, सभी अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेज, कॉलेज की छात्राओं एवं स्कूल की बच्चियों की सुरक्षा के लिये संस्थान के सभी महिलाओं को पुलिस नियंत्रण कक्ष, महिला थाना प्रभारी, निकटस्थ थाना प्रभारी का मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराने सहित डायल-112 के बारे में जागरूक करने, महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करने, सभी संस्थान में 24 घंटे सातों दिन सुरक्षा व्यवस्था तथा उनके कार्य स्थल पर संध्या 7:00 बजे से प्रातः 4:00 बजे तक विशेष सुरक्षा प्रबंध करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने संस्थान के प्रबंधन से संपर्क कर सीसीटीवी लगाने को कहा। उन्होंने विशेषकर वैसे जगह जहां महिलाओं की उपस्थिति होती हो वहां पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एसपी को संबंधित जिला के थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर जिलों में लगने वाले मेलों, हाट बाजार में जाकर वहां के दुकानदारों, बाजार की अन्य महिलाओं की समस्या के बारे में जानकारी लेकर उनके समस्याओं का सामाधान करने तथा बाजार में अवैध उगाही करने वालों के खिलाफ सत्यापन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

डीजीपी ने सभी जिलों में कार्यरत महिला थानों की समीक्षा कर महिला थाना में महिला थाना प्रभारी एवं अन्य महिलाकर्मियों की प्रतिनियुक्ति, थाना को संचालित करने के लिए पर्याप्त स्थान, महिला थाना प्रभारी का जिला के अन्य थानों में हो रहे महिला संबंधी अपराधों में उपयोग, महिला थाना में भुक्तभोगी महिलाओं के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का व्यवहार की समीक्षा करते हुये आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में एडीजी अभियान संजय आनन्द राव लाठकर, आईजी मनोज कौशिक और आईजी अखिलेश झा सहित सभी जिलों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



### स्कूली व यात्री बसों के चालकों को ब्रेथ एनलाइजर से चेक करने का निर्देश

डीजीपी ने राज्य के सभी स्कूल बसों के चालक और राज्य से बाहर जाने वाले सभी यात्री बसों के चालकों का ब्रेथ एनलाईजर से चेक करने का निर्देश दिया। महिला सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने विशेष रूप से राज्य के सभी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूर्व से लगे सीसीटीवी का निरीक्षण कर उसकी स्थिति और खराब कैमरों की मरम्मत एवं नये कैमरे लगाने का निर्देश दिया।

# झारखंड में वोटरों की संख्या बढ़ी आयोग ने जारी की नई वोटर लिस्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में वोटरों की संख्या 2 करोड़, 57 लाख, 78 हजार, 149 हो गई है। चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची पुनरीक्षण कराने के बाद मंगलवार को नई मतदाता सूची जारी की गई है। नए वोटर लिस्ट में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या 1 करोड़, 27 लाख, 12 हजार, 266 हो गई है। इसके अलावे राज्य में थर्ड जेंडर की संख्या 434 है।

**नई वोटर लिस्ट जारी :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने नई वोटर लिस्ट जारी करते हुए कहा कि 1 जनवरी



2024 को प्रकाशित वोटर लिस्ट से 1.54% की वृद्धि हुई है, जबकि 25 जुलाई को जारी प्रारूप से 0.49% की कमी है। आयोग के आंकड़ों के मुताबिक वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के दौरान 3,89,595 वोटर जिसमें 1,82,655 मृत पाए गए हैं, 1,31,786 शिफ्टिंग और 75,154 एक से अधिक स्थानों पर वोटर होने की वजह से हटाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुसार 1 अक्टूबर को अहर्ता मानकर 18 वर्ष के होने वाले युवाओं के 55,189 आवेदन प्राप्त हुए हैं। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 को राज्य में 2 करोड़ 53 लाख 86 हजार 152 वोटर राज्य में थे।

### हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को रिम्स लाइब्रेरी में सुशील कुमार दास की हत्या कर लाश को तीसरे तल्ले से गिराकर दुर्घटना का रूप देने के मामले में दोषी अमजद खान एवं आवेश अंसारी उम्रकैद की सजा सुनायी है।

## न्यूज | बॉक्स

### पीएम मोदी से मिले बाबूलाल



**रांची।** झारखंड के भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच झारखंड के वर्तमान हालातों पर चर्चा हुई।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिलना पूर्व निर्धारित था : बाबूलाल

**रांची/नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कुछ समाचार पत्रों या चैनलों में चल रहे समाचार निराधार हैं कि वे चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से नाराज हैं। चंपई जी वरिष्ठ नेता हैं उनका भाजपा में स्वागत है।

### पूरा जेएमएम टूटने के कगार पर : सीता सोरेन



**रांची।** एक समाचार एजेंसी से बातचीत में जेएमएम से भाजपा में शामिल हुई सोरेन परिवार की बड़ी बहू ने कहा कि चंपाई सोरेन के अलावा अन्य भी कई लोग पार्टी छोड़ने वाले हैं और झामुमो कई टुकड़ों में बंट जाएगा।

### चंपाई सोरेन का भाजपा में आना एक शुभ संकेत : अर्जुन मुंडा



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदिवासियों के बीच में सिर्फ वोट की राजनीति करना स्वीकार्य नहीं है। सत्ता लोलुपता के लिए एक आदिवासी को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाया गया है। मुंडा ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नीति और सिद्धांत के साथ पूरे देश में आदिवासियों को संगठित करने की दृष्टि से एक बड़े कदम के तहत चंपाई सोरेन का भाजपा में आना एक शुभ संकेत है।

### पदयात्रा को मिल रहा आम जनता का भरपूर साथ : डॉ देवशरण

**रांची।** सरकार की वादाखिलाफी को लेकर आजसू पार्टी की जन जागरण पदयात्रा की शुरूआत हुई। पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जन जागरण यात्रा के विभिन्न विधानसभा के प्रभारियों और पार्टी पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र के कई पंचायतों में पदयात्रा की और जन सभाओं के माध्यम से सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराया। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने जन जागरण पदयात्रा के बारे में बताया कि पदयात्रा को आम जनता का भरपूर साथ और सहयोग मिल रहा है। जनता के साथ से हम बदलाव की पटकथा लिखेंगे। जन जागरण पदयात्रा के माध्यम से सरकार के झूठे वादों की सच्चाई को जनता के समक्ष रखा जाएगा। जनता सरकार के वादों और कार्यों के बीच जो गहरी खाई है उसकी समीक्षा करेगी। कहा, सरकार ने अपने लोकलुभावन वादों से समाज के हर वर्ग को ठगने का काम किया है। 5 साल पहले सत्ताधारी पार्टियों ने जनता के सामने अपने मेनिफेस्टो के जरिए सैकड़ों वादे किए थे लेकिन उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ।

# पृष्ठ एक के शेष

**उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़...**

सभी अभ्यर्थियों को एमएमसीएच से छुट्टी दे दी गई। रांची से आए अभ्यर्थी जितेंद्र मुंडा ने बताया कि उसने सुबह से कुछ नहीं खाया था। दौड़ देर से हुई जिस कारण वह दौड़ पूरी करने से 300 मीटर पहले अचेत होकर गिर गया। खूंटी से आए चरकी गुड़िया के पुत्र मनकीरण गुड़िया ने बताया कि दौड़ने के दौरान उमस की वजह से शरीर अत्याधिक पसीना निकलने के बाद अचानक उसे चक्कर आने लगा। इसके बाद उसकी आंख खुली तो उसने अपने आप को अस्पताल में पाया। कई अभ्यर्थी होश में आने के बाद बिना अपनी पहचान बताए अस्पताल से निकल गए। उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान ड्यूटी में तैनात चिकित्साकर्मी संजीव कुमार साव ने बताया कि कई अभ्यर्थी दौड़ने के दौरान अचानक से अचेत होकर गिर पड़े। इसके बाद तुरंत उन्हें विभिन्न एंबुलेंसों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।

**पलामू, गढ़वा के नौ सड़कों के...**

(विश्रामपुर ब्लांक में गोदरमाना) में 1.200 किलोमीटर पर स्थित भेलवा नदी पर पुल क निर्माण, जिसकी कुल लागत राशि 278.15 है। गढ़वा जिला अंतर्गत कांडी प्रखंड खरसौता मोड़ कसनप मोड़ तक 23.30 किलोमीटर सड़क का निर्माण, जिसकी कुल लागत राशि 1514.20 है। इसी तरह से गढ़वा जिला अंतर्गत केतार राजी 24.35 किलोमीटर सड़क का निर्माण जिसकी कुल लागत राशि 536.86 है। सांसद ने बताया की सभी स्वीकृत योजनाओं के पूरा हो जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों को गांव से शहर या प्रखंड मुख्यालय आने में काफी सहूलियत होगी। संसदीय क्षेत्र में सड़क निर्माण के मामले में पूरे राज्य में एक नंबर रहे यह उनका प्रयास हैं।

**जो आधी आबादी को सशक्त...**

कार्यक्रम के तहत गांव-गांव टोले-टोले में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी जोड़ने का काम किया गया। यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। हमारा प्रयास आपकी हर समस्या का समाधान करना है।

**वैकल्पिक कृषि के लिए सरकार कर रही पूरा सहयोग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आई है। विशेषकर आज मौसम में जिस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है, उसमें किसानों को पारंपरिक खेती के अलावा वैकल्पिक कृषि के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना जैसी अनेकों योजनाएं हैं, जिससे जुड़कर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

**पिछले साढ़े चार वर्षों में विकास का नया पैमाना बना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में हमारी सरकार ने इस राज्य और यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, किसान-मजदूर, बूढ़े- बुजुर्ग, महिला युवा समेत हर वर्ग-तबके के लिए जो कार्य किए हैं, उसने विकास का नया आयाम गढ़ा है। आज राज्य का कोई भी बूढ़ा बुजुर्ग पेंशन से वंचित नहीं है। किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन माफ किए गए हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं। यहां के बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ें, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उन्हें आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। बच्चियों की पढ़ाई आर्थिक तंगी से छूटे नहीं, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा गया है। इसी तरह की अनेकों योजनाएं हैं जो राज्य वासियों को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

**7.32 लाख बहन-बेटियों को मिली 73.29 करोड़ रुपये सम्मान राशि :** मुख्यमंत्री ने आज संताल परगना प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 7 लाख 32 हजार 906 लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 73 करोड़ 29 लाख 6 हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में हस्तांतरित कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया। इनमें दुमका की 01 लाख 58 हजार 724, देवघर जिले की 50 हजार 152, साहिबगंज जिले की 01 लाख 20 हजार 78, गोड्डा जिले की 0 1 लाख 58 हजार 289, पाकुड़ जिले की 01 लाख 20 हजार 110 और जामताड़ा जिले की 01 लाख 25 हजार 543 बहन-बेटियां शामिल हैं।

**मैं आपकी समस्याओं को...**

जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। उन्होंने लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पतिसंपत्ति का वितरण किया। राज्यपाल ने कहा कि एक समय था कि केंद्र से लोगों के विकास के लिए भेजी गई राशि का लाभ लाभुकों तक पूरा नहीं पहुंचता था। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी व्यक्ति की मृत्यु भूख से न हो, इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मैं आप सभी के बीच यह जानने आया हूं कि आपको केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं, आपकी विभिन्न समस्याएं जान सकूं, ताकि इससे सरकार को अवगत कराकर इसका निदान किया जा सके। मैं आप सबका विकास देखना चाहता हूं।

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि किसानों के हित में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना' संचालित है। कहा कि ऐसा कोई परिवार तो नहीं है, जो निःशुल्क अनाज के लाभ की उपलब्धता से वंचित है और वे इस योजना के पात्र हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वे कभी पेट्रोलियम मंत्री हुआ करते थे तथा लोगों के मध्य एलपीजी गैस की उपलब्धता के लिए पूर्णतः सक्रिय रहे हैं। वर्तमान में प्रत्येक परिवार तक एलपीजी गैस की उपलब्धता हो, इस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हमारी माताओं-बहनों के मध्य 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

राज्यपाल ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल नितांत आवश्यक है। विभिन्न वैज्ञानिक शोधों में बताया गया है कि गंदा पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली।

मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार के समक्ष सखी मंडल के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि सखी मंडल से जुड़ने से पूर्व उन लोगों की आर्थिक स्थिति खराब थी, लेकिन अब इससे जुड़ने के उपरांत आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्यपाल के समक्ष मुनि देवी (प्रमुख, कूड़ु, लोहरदगा), एनुल अंसारी (उप प्रमुख, कूड़ु, लोहरदगा), पंचायत के मुखिया राजेश लोहरा, मीणा उरांव, जिमा बरवाटोली, चीरी, अनिमा, ग्राम-सुकमार, सुमिता खलखो, जिमा चटकपुर, शमशाद अंसारी आदि ने संवाद किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर नवजात शिशु आशिया प्रवीण का अन्नप्राशन किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के मध्य पावर स्प्रेयर व व्हील चेयर का वितरण किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का पूर्णतः प्रमाण पत्र, मनरेगा स्वीकृति प्रमाण पत्र, उद्योग विभाग द्वारा सहायतार्थ राशि प्रदान की। इससे पहले, राज्यपाल का कुड़ू पहुंचने पर उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने स्वागत किया। नावाटोली में संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल ने सखी मंडल की दीदियों के साथ नवाटोली, लोहरदगा में भेंट की तथा सखी मंडल की दीदियों को प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा टोप्पो और सीओ मधुश्री मिश्रा सहित जिले के वरीय अधिकारी और अन्य लोग मौजूद थे।

**राज्यपाल ने गुमला में पीएम जनमन जागरूकता रथ को किया रवाना**

**गुमला।** गुमला जिले में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को पीएम जनमन योजना के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। साथ ही, पीवीटीजी नागरिकों के सुविधा के लिए प्रारंभ किए हेल्प लाइन संख्या 9431319825 का उद्घाटन किया। इस हेल्पलाइन नंबर पर जिले के पीवीटीजी समुदाय के नागरिक अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन गुमला को अवगत करवा सकते है। राज्यपाल ने जिला विज्ञान केंद्र का अवलोकन किया और शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो गईं बच्चियों से मुलाकात भी की। उन्होंने जिले की महिलाओं के लिए बने सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय का भ्रमण कर वहां तैयारी कर रही बालिकाओं से मुलाकात की। राज्यपाल ने जिले के रागी प्रॉसेसिंग सेंटर का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज को प्रोत्साहित कर इसे व्यावसायिक रूप देना एवं महिलाओं को इसमें शामिल करना जिला प्रशासन की सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने साइकिल वितरण योजना के तहत बच्चियों के बीच साइकिल का वितरण किया। साथ ही, विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया।

**बेटे के साथ 30 को...**

की सोची थी, लेकिन बाद में जनता और कार्यकताओं का हौसला और उनकी मांग को देखते हुए सोचा कि सक्रिय रूप से राजनीति में ही रहूंगा। फिर सोचा कि नया संगठन बनाएंगे, लेकिन समय की कमी और झारखंड प्रदेश की अलग परिस्थिति को देखते हुए मंथन करने के बाद भारतीय जनता पार्टी में जाने का निर्णय ले लिया। मेरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विश्वास बढ़ गया है। भाजपा में मेरे साथ मेरा बेटा बाबूलाल सोरेन भी शामिल होगा।

**कोई कुछ भी कहे, हम उसका जवाब देना उचित नहीं समझते :** चंपाई सोरेन ने आगे के प्लान पर कहा कि कल (28 अगस्त) झारखंड जा रहे हैं। दूसरे सवाल पर कहा कि झारखंड में मैंने बहुत संघर्ष किया है। मेरा इतिहास आइने की तरह साफ है। इसलिए कोई कुछ भी कहे, उसका जवाब देना हम उचित नहीं समझते हैं, लेकिन हम भाजपा में शामिल होंगे। बाबूलाल मरांडी की नाराजगी पर चंपाई ने कहा कि हम उस बारे में कुछ भी नहीं कहेंगे। चंपाई सोरेन दिल्ली से लौटने के बाद हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से त्यागपत्र देंगे। चंपाई सोरेन रांची में एक बड़ी रैली कर भाजपा में शामिल होंगे। इस बीच, केंद्र सरकार ने चंपाई सोरेन की सुरक्षा बढ़ा दी है। उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। दिल्ली से लौटते ही उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिल जाएगी। अब चंपाई सोरेन की सुरक्षा में 33 जवान तैनात रहेंगे। इससे पूर्व, सोमवार को उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री हिंमता बिस्वा सरमा और चंपाई के बेटे बाबूलाल सोरेन भी मौजूद थे। इस मुलाकात के बाद हिंमता विश्व सरमा ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी पुष्टि की थी।

**बाबूलाला ने...**

सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यों और भाजपा की नीतियों में निष्ठा व्यक्त करने वाले झारखंड आंदोलनकारी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। मरांडी ने एक्स पर लिखा है कि झामुमो में परिवारवाद, तानाशाही, बाहरी लोगों का पूर्णतः नियंत्रण होने के कारण झामुमो को खड़ा करने वाले आंदोलनकारी नेताओं का मोहभंग हो चुका है। झारखंड आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रमुख नेताओं को पार्टी के अंदर उपेक्षित और अपमानित किया जा रहा है। जल-जंगल-जमीन के मूल सिद्धांतों से विमुख हो चुकी झामुमो अब एक डूबता जहाज है। पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र खत्म होने और दलाल बिचौलियों का वर्चस्व स्थापित होने के कारण शीघ्र ही एक-एक कर सारे आंदोलनकारी नेता और कार्यकर्ता झामुमो छोड़ जाएंगे।

**नकली डीएवी की शिकायत...**

ऐसी मापदंड हैं, जो नकली डीएवी वाले स्कूल पूरा नहीं कर रहे हैं, फिर भी राजधानी रांची में चल रहे हैं। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी और आर्य ज्ञान प्रचार समिति से इन्हें कोई लेना-देना भी नहीं है। हालांकि, नकली डीएवी के संचालकों का कहना है कि दोनों आर्य समाज से संबंध रखते हैं। वैसे कई स्कूल डीएवी का नाम ले कर धोखा दे रहे हैं, जिनका आर्य समाज से कोई संबंध नहीं है। कथित डीएवी स्कूल के बोर्ड में ये कहीं लिखा हुआ है नहीं है कि वे डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से नहीं है। डीएवी समूह में बड़े पद पर रहे एक अधिकारी ने नाम ना छापने के शर्त पर बताया कि नकली डीएवी स्कूल के बारे में डीएवी मैनेजिंग कमेटी, दिल्ली को पता नहीं है। या, किसी ने इसकी सूचना डीएवी समूह या सीबीएसई को नहीं दी है। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी को इसके बारे में पता चलता है, तो इस पर कार्रवाई करती ही। जबकि, डीएवी समूह से वर्षों पहले अवकाश प्राप्त बड़े अधिकारी ने बताया कि उन्होंने कुछ पत्राचार किया था पर सीबीएसई के कुछ भ्रष्ट लोगों ने कार्रवाई नहीं की और स्कूल संचालक ने अपनी पहुंच या पैरवी के बल पर रजिस्ट्रेशन करा लिया। इस धोखाधड़ी से सबसे ज्यादा कोई परेशान है, वे हैं बच्चों के अभिभावक, जिन्हें भान तक नहीं कि उनके बच्चे असली नहीं नकली डीएवी में पढ़ रहे हैं।

डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी से विश्व स्तर पर संचालित 900 से अधिक स्कूलों और 75 कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा के लिए एक विश्वविद्यालय भी है। सीबीएसई की मान्यता के लिए स्कूल का नाम सही लिखा होना चाहिए। स्कूल की चारदीवारी होनी चाहिए। पार्किंग एरिया भी होना चाहिए। खेल का मैदान, आउटडोर और इनडोर गेम की सुविधाएं होना अनिवार्य है। लाइब्रेरी और लैब होना चाहिए। दिव्यांग छात्रों के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। पीने के पानी, अग्निशमन यंत्र, समेत अन्य मापदंडों का पालन करना अनिवार्य है।

**जानिए क्या कहता है प्रतीक और नाम अधिनियम,1950 :** तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में किसी बात के होते हुए भी, कोई भी व्यक्ति, ऐसे मामलों में और ऐसी शर्तों के अधीन, जो केंद्रीय सरकार द्वारा विहित की जाएं, किसी व्यापार, कारोबार, व्यवसाय या पेशे के प्रयोजन के लिए या किसी पेटेंट के शीर्षक में या किसी ट्रेडमार्क या डिजाइन में, अनुसूची में विनिर्दिष्ट किसी नाम या प्रतीक या उसकी किसी रंग-बिरंगी नकल का केन्द्रीय सरकार या सरकार के ऐसे अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना, जिसे केंद्रीय सरकार इस निमित्त प्राधिकृत करे, उपयोग नहीं करेगा या उपयोग करना जारी नहीं रखेगा।

**NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY**
Medininagar, Palamu, Jharkhand- 822102

Tender No.: NPU/CCDC/04/2024 Date-24/08/2024

**TENDER NOTICE**

Nilamber Pitamber University, Palamu-822201, Jharkhand invites tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced, reputed and registered agencies/firms/companies for "Supply of Manpower at Nilamber-Pitamber University headquarters, Medininagar, Palamu, Jharkhand and all its Constituent Colleges". The detailed information about the tender document can be obtained from the University website using the URL: https://npu.ac.in/ (w.e.f. 26/08/2024).

**Registrar**
**Nilamber-Pitamber University**
**Medininagar, Palamu**

**Memo No.- NPU/CCDC/08/2024 Date-24/08/2024**

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC
**Dr. Vaibhav Kashyap**
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## प्रधानमंत्री मोदी व पुतिन ने द्विपक्षीय संबंधों पर की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले माह 22वें भारत-रूस द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस की अपनी सफल यात्रा को याद किया। दोनों नेताओं ने अनेक द्विपक्षीय मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की तथा भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## जयशंकर को भारत-ब्राजील आयोग बैठक में सकारात्मक चर्चा की आशा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो वियरा का स्वागत किया और कहा कि वह अपने ब्राजीली समकक्ष के साथ सकारात्मक चर्चा की आशा करते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो वियरा का स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। 9वीं भारत-ब्राजील संयुक्त आयोग बैठक में सकारात्मक चर्चा की आशा है। उल्लेखनीय है कि ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो वियरा 28 अगस्त तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

## चीन ने जासूसी विमान भेजा जापान 2 मिनट तक हवा में मंडराता रहा

**टोक्यो।** जापान ने अपने हवाई क्षेत्र में चीन के एक जासूसी विमान के लगभग दो मिनट तक मंडराने की घटना को गंभीरता से लिया है। जापान ने कहा है कि यह अस्वीकार्य है। जापान ने चीन के कार्यवाहक राजदूत को तलब कर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन पर कड़ी आपत्ति जताई है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को चीन का वाई-9 टोही विमान कुछ समय के लिए हमारे देश के दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुस आया था।

### नबन्ना मार्च में बवाल, छात्रों पर लाठीचार्ज, वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले चले

# उग्र विरोध के बाद आज बंगाल बंद का आह्वान

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के विरोध में मंगलवार को हावड़ा में हजारों प्रदर्शनकारियों ने नबन्ना मार्च में हिस्सा लिया जिसे 'नबन्ना अभिजन' का नाम दिया गया है। हावड़ा जिले के मंदिरतला में नबन्ना का राज्य सचिवालय स्थित है, जहां से पश्चिम बंगाल सरकार चलती है। यहां मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों के कार्यालय मौजूद हैं। इस प्रदर्शन के दौरान पूरे हावड़ा शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जगह-जगह झड़प हुई हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नबन्ना जाने से रोकने के लिए बैरिकेड लगा दिए थे। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ दिए। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी दागे। पुलिस ने वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। इस बीच, कई प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारेबाजी की। जब प्रदर्शनकारी पुलिस द्वारा बनाई गई सुरक्षा की दीवार पर कूद पड़े तो हावड़ा ब्रिज पर अव्यवस्था का माहौल पैदा हो गया। इस दौरान, कई पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों द्वारा फेंके गए पत्थर की चपेट में आकर चोटिल भी हो गए। इस बीच, रैपिड एक्शन फोर्स के एक जवान को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा।

इधर, कोलकाता रेप और हत्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने आज(बुधवार को) 12 घंटे के लिए पश्चिम बंगाल बंद का ऐलान किया है राज्य भाजपा प्रमुख सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को नबन्ना अभियान रैली के दौरान हुई हिंसा के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य में विरोध प्रदर्शन पर उनके इस्तीफे की मांग की। पार्टी ने सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है।

सूत्रों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने कोना एक्सप्रेस वे को ब्लॉक कर दिया। यह एक्सप्रेस वे कोलकाता को अन्य जिलों से जोड़ता है। दावा किया जा रहा है कि पुलिस ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों को रोकने के लिए अकारण हमले का सहारा लिया।



*भाजपा ने सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे के बंद का किया है आह्वान*

*रैली के दौरान हुई हिंसा के लिए **टीएमसी** सरकार को जिम्मेदार ठहराया है*

## भाजपा ने ममता को बताया तानाशाह

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल की घटना की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए छात्रों के विरोध प्रदर्शन को दबाने पर भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी पर हमला करते हुए उन्हें तानाशाह बताया है। भाजपा ने कहा कि छात्र न्याय दिलाने की मांग को लेकर अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग कर रहे हैं, लेकिन ममता बनर्जी छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही हैं। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जिस तरह से ममता बनर्जी ने छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश की है, वह चिंताजनक और संविधान को तार-तार करने वाला है। यह स्पष्ट है कि अगर कहीं देश में तानाशाह है, तो वे ममता बनर्जी हैं।

## संदीप के खिलाफ ईडी भी करेगी जांच

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। सीबीआई के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी उनके खिलाफ जांच शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, ईडी जल्द ही संदीप घोष के खिलाफ एक आर्थिक अपराध सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज करने जा रही है। यह कार्रवाई सीबीआई की एफआईआर के आधार पर की जा रही है। संदीप घोष को बहुत जल्द ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश होना पड़ सकता है। आरजी कर अस्पताल में एक युवती डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। इस मामले के बाद संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान हुए अन्य आर्थिक घोटालों की भी जानकारी सामने आई।

- पूरे हावड़ा शहर का माहौल तनावपूर्ण रहा पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जगह-जगह झड़पें हुईं, बैरिकेड तोड़ दिए गए
- प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर नारेबाजी की, पुलिस की बनाई सुरक्षा की दीवार पर कूद पड़े, पत्थर भी फेंके गए
- कई पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों के पत्थर की चपेट में आकर चोटिल हो गए, एक जवान को अस्पताल में भर्ती करवाया गया

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** 12वीं साइंस के बाद कौन सा कोर्स सबसे अच्छा है, यह एक ऐसा प्रश्न है जो विज्ञान के कई छात्र 12वीं पास करने के बाद खुद से पूछते हैं। 12 वीं के बाद अपनी रुचियों का मूल्यांकन करना आवश्यक है क्योंकि यह आपको विशेष रूप से साइंस स्ट्रीम में सही विशेषज्ञता और करियर पथ चुनने में मदद करेगा।

# 12वीं साइंस के बाद अलग-अलग कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

**एमबीबीएस :** बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी डिग्री एक प्रोफेशनल बैचलर्स डिग्री है, जो छात्रों को चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य के लिए तैयार करने पर केंद्रित है। जैसा कि नाम से पता चलता है, दो अलग-अलग डिग्री हैं जो एक डिसिप्लिन में इंटीग्रेटेड होती हैं और व्यवहार में एक साथ प्रस्तुत की जाती हैं। इस कोर्स की अवधि 5.5 साल है और इसमें एक साल की इंटर्नशिप शामिल है। यह एक बैचलर्स मेडिकल प्रोग्राम है, जो छात्रों को डॉक्टर या सर्जन बनने के अपने लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है। यह कोर्स दुनिया भर के विश्वविद्यालयों द्वारा पेश किया जाता है, इस 5.5-वर्षीय डिग्री प्रोग्राम का अध्ययन करने के लिए, उम्मीदवारों को नीट प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है ।

**बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी :** एमबीबीएस के बाद बीडीएस सबसे अधिक मांग वाला डिग्री प्रोग्राम है। कोर्स की औसत अवधि लगभग 4.5 वर्ष है, जो एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय में अलग हो सकती है।

**बीएससी नर्सिंग :** 12वीं साइंस के बाद हाई सैलरी कोर्सेज में बीएससी नर्सिंग भी शामिल है। दुनिया भर के कई संस्थानों द्वारा पेश किया जाने वाला यह कोर्स छात्रों को ऑपरेशन से पहले और बाद की देखभाल सहित रोगी की देखभाल करने की ट्रेनिंग देता है। यह कोर्स करने के बाद सालाना वेतन 29 लाख से 34 लाख के बीच रहता है।

**होम्योपैथी :** विज्ञान स्ट्रीम के छात्रों के लिए बीएचएमएस कोर्स को चुनना एक बढ़िया विकल्प है। होम्योपैथी एक मांग वाले क्षेत्र के रूप में उभर रहा है और 12 वीं विज्ञान के बाद हाई सैलरी कोर्सेज में से एक है। बीएचएमएस 5.5 साल का बैचलर डिग्री कोर्स है, कोर्स पूरा होने के बाद आप सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं।

**फार्मेसी :** फार्मेसी उन लोगों के लिए एक आदर्श क्षेत्र है जो इस अध्ययन की खोज में रुचि रखते हैं कि कैसे दवाएं बनाई जाती हैं। एक इंटरडिसिप्लिनरी फील्ड होने के नाते फार्मेसी में करियर चुनना भी एक बेहतरीन हाई सैलरी विकल्प है, जिस पर आप 12वीं साइंस के बाद विचार कर सकते हैं। फार्मेसी कोर्स के बाद वेतन प्रति वर्ष 3 लाख से 16 लाख तक हो सकता है।

**मनोविज्ञान :** आज के समय में लोग मानसिक स्वास्थ्य को उतना ही महत्व दे रहे हैं जितना कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने को महत्व दे रहे हैं। कई उम्मीदवारों ने मनोविज्ञान का अध्ययन करने में रुचि दिखाई है।

**फोरेंसिक साइंस :** फोरेंसिक साइंस भी 12वीं साइंस के बाद हाई सैलरी कोर्सेज में एक आकर्षक करियर विकल्प है। फोरेंसिक साइंस कोर्स के बाद, आप सार्वजनिक क्षेत्र के साथ-साथ रिसर्च संगठनों में कैरियर की तलाश कर सकते हैं।

### इंजीनियरिंग कोर्स

- केमिकल इंजीनियरिंग
- सिविल इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
- इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग
- मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
- इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
- एयरोस्पेस इंजीनियरिंग
- औद्योगिक इंजीनियरिंग
- न्यूक्लिअर इंजीनियरिंग
- बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एंड बायोकैमिकल इंजीनियरिंग
- एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग
- एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग
- पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
- मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग
- मरीन इंजीनियरिंग



### भारतीय संस्थान

1. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान
2. पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च
3. क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज
4. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान, बैंगलोर
5. संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान
6. अमृता विश्व विद्यापीठम
7. जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च
8. कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज, मणिपाली
9. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर
10. सभी आईआईटी
11. आंध्र यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशाखापत्तनम
12. एनआईटी सुरथकल - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक
13. इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, कोलकाता
14. सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
15. वेल्स विश्वविद्यालय - वेल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज
16. श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैंगलोर
17. शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुरी
18. इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
19. पार्क कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
20. समुंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ मैरीटाइम स्टडीज, पुणे
21. जीकेएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई

# 12वीं के बाद ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंस कोर्स करके बनाएं करियर

12वीं के बाद आप चाहे तो ह्यूमैनिटीज और सोशल साइंस कोर्स भी कर सकते हैं जिसका विवरण कुछ इस प्रकार है -



**बैचलर ऑफ सोशल वर्क:** यह 3 साल का कोर्स होता है जो सोशल वर्क थियोरिज, सोशल डेवलपमेंट, कंसल्टेंसी और सोशल वैलनेस पर केंद्रित होता है। इसे करके सामाजिक सेवाओं और गैर लाभकारी संगठनों में करियर बनाया जा सकता है।

**बैचलर ऑफ आर्ट्स:** यह 3 साल का कोर्स है जो साहित्य, इतिहास, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, दर्शन और नृविज्ञान, मानविकी और सामाजिक विज्ञान को कवर करता है।

**बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन:** 3 साल के इस अंडरग्रैजुएट कोर्स में जर्नलिज्म, मास मीडिया, एडवरटाइजिंग, पब्लिक रिलेशन और कम्युनिकेशन थ्योरी शामिल है।

**बैचलर ऑफ सोशल साइंसेज:** यह एक इंटर डिसीप्लिनरी कोर्स है जिसमें सोशियोलॉजी, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र जैसे सामाजिक विज्ञान विषयों को शामिल किया गया है।

**बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस:** यह 3 साल का बैचलर डिग्री प्रोग्राम है जिसमें लाइब्रेरी मैनेजमेंट, कैटालॉगिंग, इनफॉरमेशन साइंस और पुस्तकालय रिसर्च में ज्ञान और स्किल डेवलप की जा सकती है।

**बैचलर ऑफ सोशल साइंसेज इन इकोनॉमिक्स:** यह सामाजिक विज्ञान के ऊपर केंद्रित इकोनामिक प्रोग्राम है जहां माइक्रोइकोनॉमिक्स, मैक्रोइकोनॉमिक्स, अर्थमिती, विकास अर्थशास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र जैसे सब्जेक्ट शामिल है।

**बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स:** यह तीन या चार साल का बैचलर डिग्री प्रोग्राम होता है जिसमें दृश्य कला, प्रदर्शन कला और अनुप्रयुक्त कला का ज्ञान दिया जाता है। इसमें पेंटिंग, मूर्ति कला, संगीत, नृत्य, रंग मंच और डिजाइन जैसे विषय आते हैं।

**बैचलर ऑफ साइकोलॉजी:** इस बैचलर डिग्री प्रोग्राम में मानव व्यवहार, मानसिक क्रियाओं, मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का अध्ययन कराया जाता है जहां डेवलपमेंट साइकोलॉजी, असामान्य मनोविज्ञान, कॉग्निटिव साइकोलॉजी और सामाजिक मनोविज्ञान के क्षेत्र सम्मिलित है।

**बैचलर ऑफ पॉलिटिकल साइंस:** इस कोर्स में राजनीतिक व्यवस्था और राजनीतिक सिद्धांत, अंतरराष्ट्रीय संबंध, लोक प्रशासन और शासन का अध्ययन कराया जाता है।

**बैचलर ऑफ सोशियोलॉजी:** इस कोर्स में समाज, सोशल स्ट्रक्चर्स, सोशल बिहेवियर, सामाजिक परिवर्तन आदि का अध्ययन होता है जहां सोशियोलॉजिकल थ्योरीज़, सोशल रिसर्च मैथर्ड, सामाजिक असमानता और लिंग अध्ययन को शामिल किया गया है।